कोटद्वार, बुधवार
11 दिसम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 215 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com


## एक नजर

### रोडवेज ने प्रोन्नत अधिकारियों को बांटी जिम्मेदारी

देहरादून। रोडवेज प्रबंधन ने महाप्रबंधक संचालन एवं कार्मिक काम देख रहे पवन मेहरा से कार्मिक की जिम्मेदारी हटाई है। अब वह महाप्रबंधक संचालन का जिम्मेदारी ही देखेंगे। प्रबंधन पांच दिसंबर को प्रोन्नत हुई प्रभारी मंडलीय प्रबंधक पूजा केहरा को उप महाप्रबंधक संचालन, सहायक महाप्रबंधक हरिद्वार डिपो सुरेश चौहान को मंडलीय प्रबंधक देहरादून संचालन, सहायक लेखाधिकारी मुकेश नौटियाल को सहायक महाप्रबंधक वित्त की जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा वरिष्ठ लेखाधिकारी मनोहर सुरियाल को मंडलीय प्रबंधक कार्यालय में सहायक लेखाधिकारी के पद पर तैनात किया है।

### काशीपुर में सड़क हादसे में बस कंडक्टर की मौत

काशीपुर। निजी बस के कंडक्टर की सोमवार रात बाइक से घर लौटने के दौरान सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत पर परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बांसियोवाला मंदिर, जसपुर खुर्द निवासी 30 वर्षीय कुलदीप सिंह पुत्र राम सिंह सोमवार रात ड्यूटी पूरी करके बाइक पर घर लौट रहे थे। प्रकाश पाइप के पास एक अज्ञात वाहन से टकराकर बाइक सवार कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर सुर्या चौकी पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया था। मृतक के पिता ने बताया कि कुलदीप तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। वह काशीपुर से ठाकुरद्वारा मार्ग पर संचालित निजी बस में कंडक्टर था। उसके दो बच्चे आरव और मानवी हैं। युवक की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### गंगोत्री एसटीपी से निकलने वाला पानी पूरी तरह साफ

देहरादून। गंगोत्री एसटीपी से निकलने वाला पानी पूरी तरह साफ पाया गया है। जल संस्थान ने अपनी रिपोर्ट जारी करते हुए एटीपी से निकलने वाले पानी में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 195 एमपीएन बताई है। एनजीटी के मानकों के अनुसार 100 एमएल पानी में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 230 एमपीएन और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार 1000 एमपीएन से अधिक नहीं होनी चाहिए। मुख्य महाप्रबंधक जल संस्थान नीलिमा गर्ग ने बताया कि विभाग के एसटीपी से निकलने वाला पानी पूरी तरह मानकों के अनुसार है। बल्कि एनजीटी और केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के मानकों से भी कहीं अधिक बेहतर स्थिति में पानी है। पानी में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा मात्र 195 एमपीएन तक है। नमामि गंगे परियोजना के तहत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को उत्तराखण्ड के सभी एसटीपी से पानी के सैंपल लेकर जांच करनी होती है। इनकी हर महीने रिपोर्ट केंद्र को भेजनी होती है।

सीजीएम गर्ग ने बताया कि केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने सीवरेज ट्रीटमेंट इफ्यूलेंट स्टेंडर्ड तय किए हैं। इनके अनुसार पानी में पीएच, बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी), कैमिकल ऑक्सीजन डिमांड (सीओडी), टोटल सस्पेंडेड सॉलिड्स(टीएसएस) की जांच की जाती है।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की तैयारी

नईदिल्ली, दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सभी प्रमुख पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस जहां दिल्ली न्याय यात्रा निकाल रही है, वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी।भाजपा दोनों पार्टियों को चुनाव में टक्कर देने के लिए अलग तैयारी कर रही है। वह पूर्व सांसदों को मैदान में उतारने की योजना बना रही है।साथ ही उसका लक्ष्य राजधानी में महिला मतदाताओं को आकर्षित करने पर भी होगा। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा ने दिल्ली में सिर्फ मनोज तिवारी को छोड़कर 6 सीटों पर सभी सांसदों को बदल दिए थे और उनकी जगह नए उम्मीदवार मैदान में उतारे थे।भाजपा ने हर्षवर्धन, गौतम गंभीर, मीनाक्षी लेखी, हंसराज हंस, रमेश बिधूड़ी और प्रवेश वर्मा को लोकसभा चुनाव 2024 में टिकट नहीं दिया था।संभावना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में मीनाक्षी लेखी, रमेश बिधूड़ी और प्रवेश वर्मा को भाजपा मैदान में उतरने के लिए कह सकती है।

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, परिवार के तीन सदस्यों की मौत



जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। जाखनीखाल तहसील के अंतर्गत ग्राम कौंदा के समीप एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मंगलवार दोपहर 12 बजे प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत ग्राम कोठार निवासी विनोद नेगी (59) अपनी पत्नी चंपा देवी (51) व पुत्र गौरव (26) के साथ दिल्ली से पैतृक गांव जा रहे थे। गांव में उन्हें पारिवारिक पूजा में शामिल होना था। सिलोगी-गूम मोटर मार्ग पर ग्राम कौंदा के समीप एक मोड़ पर अचानक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत बचाव कार्य शुरू किया। इधर, सूचना मिलने के बाद सतपुली से एसडीआरएफ की टीम भी मौके के लिए रवाना हो गई। राजस्व उपनिरीक्षक विजय सिंह चौहान ने बताया कि दुर्घटना में परिवार के तीनों सदस्यों की मौत हो गई।

## कार पलटने से दो बारातियों की मौत, तीन घायल



रुड़की। देहरादून बाईपास पर बारात की एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार में सवार पांच बारातियो में से दो की मौत हो गई। जबकि तीन बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए भगवानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर शांति कुमार गंगवार ने बताया कि मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के टांडा भनेड़ा गांव से नसीम के पुत्र मुबलीन की बारात पाड़ली गुर्जर जा रही थी। बारात की सभी गाड़ियां अब्दुल कलाम चौक से देहरादून हाईवे से होती हुई जा रही थी। इनमें से एक कार में पांच बाराती सवार होकर जा रहे थे। तांशीपुर के पुल पर अनियंत्रित होकर कार डिवाइडर से टकरा गई। जिसके बाद कार कई पलटे खाते हुए पलट गई। कार के पलटने से उसमें सवार 26 वर्षीय अरशद पुत्र शकील और 25 वर्षीय गुलशेर पुत्र इनाम निवासी टांडा भनेड़ा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अमजद, दिलबहार व सुफियान निवासी गण टांडा भनेड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए।

## हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी से ठिठुरी दिल्ली

नईदिल्ली,हिमाचल प्रदेश समेत पहाड़ों पर कई सालों बाद दिसंबर में जल्दी शुरू हुई बर्फबारी से पर्यटक खुश हैं और दूसरी तरफ दिल्ली समेत मैदानी इलाकों का तापमान भी गिर गया।सोमवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री कम 21.6 दर्ज किया गया है, जो सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है। न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।भारतीय मौसम विभाग ने बर्फबारी को देखते हुए सर्द हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम विशेषज्ञों ने संभावना जताई है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर भारत के कई प्रदेशों में मौसम बदल सकता है और बारिश हो सकती है।उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में आने वाले दिनों में बारिश की संभावना जताई गई है। मध्य प्रदेश में भी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।दिल्ली में भी अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। जम्मू–कश्मीर के इलाकों में बर्फबारी से तापमान शून्य के नीचे पहुंच गया है। श्रीनगर में तापमान माइनस 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे सोमवार को सीजन का सबसे ठंडा दिन दर्ज हुआ।सोनमर्ग में तापमान माइनस 9.7 और गुलमर्ग का तापमान माइनस 9.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## मोदी—अडाणी भाई—भाई लिखा हुआ बैग लेकर संसद पहुंचीं प्रियंका

### भाजपा बोली– फैशन शो नहीं चल रहा यहां




नई दिल्ली , संसद की कार्यवाही एक बार फिर से बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई. सत्ताधारी गठबंधन और विपक्षी दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है. कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को जब संसद पहुंची, तो उनके पास एक बैग था. इसके ऊपर लिखा था– मोदी–अडाणी भाई–भाई. राहुल गांधी ने इसे क्यूट बताया. प्रियंका गांधी ने कहा कि हम संसद में अडाणी का मुद्दा क्यों नहीं उठाएं, हम पहली बार संसद चुनकर आए हैं, हमने तो अभी तक इस सत्र में पीएम मोदी को भाग लेते हुए नहीं देखा. प्रियंका ने कहा कि संसद की कार्यवाही नहीं चलने की वजह से वह डिबेट में हिस्सा नहीं ले पा रही हैं. एक दिन पहले ही प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद परिसर में मोदी–अडाणी का मुखौटा लगवाकर दो लोगों से बातचीत की और उसका वीडियो सोशल मीडिया पर डाला था. भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के इस कृत्य को प्रजातंत्र का अपमान बताया. पात्रा ने कहा कि क्या प्रतिपक्ष के नेता इस तरह का बर्ताव करते हैं, जिस तरह से राहुल कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का व्यवहार प्रतिपक्ष के नेता की तरह नहीं है, यहां कोई फैशन शो नहीं हो रहा है कि आप अमर्यादित व्यवहार करते रहें. भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी को तो समाजवादी पार्टी भी नेता नहीं मानती है, और न ही वे मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया ब्लॉक का नेता मानते हैं. उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक के ही कई नेताओं ने ममता बनर्जी को नेता बनाए जाने की बात कही है.

## कुल्लू में खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस

## ड्राइवर समेत 3 की मौत, गाड़ी के उड़े परखच्चे



कुल्लू,हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में एक भीषण सडक़ हादसा हुआ है. यहां निजी बस खाई में गिर गई. जिसमें ड्राइवर समेत 3 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 35 से ज्यादा लोग घायल हो गए. हादसा मंगलवार सुबह करीब 11 बजे हुआ. जब मंडी जिले के करसोग से कुल्लू जिले के आनी आ रही निजी बस खाई में जा गिरी. हादसा शकेलहड़ नाम की जगह के पास हुआ. हादसा इतना भयानक था कि बस के परखच्चे उड़ गए. हादसे के बाद की तस्वीरें रोंगटे खड़े करने वाली है. बस के खाई में गिरते ही चीख पुकार मच गई. हादसे में ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य लोगों ने अस्पताल में दम तोड़ा. एक्सीडेंट में 39 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. गंभीर रूप से घायलों को आनी और शिमला रेफर किया गया है. कुल्लू की डीसी तोरूल एस. रवीश ने बताया कि बस करसोग से आ रही थी. ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई थी. हादसे के सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. बस के खाई में गिरने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया साथ ही पुलिस प्रशासन को हादसे की जानकारी दी. स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है.इस बस हादसे के घायलों को प्रशासन की ओर से 5–5 हजार रुपये और मृतकों के परिजनों को 25 हजार रुपये की फौरी राहत दी गई है. पुलिस प्रशासन की ओर से इस हादसे के मृतक और घायलों के नामों की लिस्ट भी जारी की गई है.

## दिल्ली के किराना स्टोर में बैठे राहुल गांधी, ग्राहकों को बेंचा सामान

नईदिल्ली,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आम लोगों से मुलाकात का सिलसिला जारी है। अब उन्होंने दिल्ली के एक किराना स्टोर में पहुंचकर ग्राहकों और दुकानदारों से बातचीत की।दिल्ली के भोगल स्थित स्टैंडर्ड द क्वालिटी शॉप पर उन्होंने दुकानदारों से बातचीत करते हुए उनकी समस्या जानी और ऑनलाइन मार्केट के बीच उनकी चुनौतियों को सुना।दुकानदारों ने राहुल के सामने वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) का विरोध किया। उन्होंने कहा कि हर जरूरत की चीजों पर जीएसटी है।

राहुल ने दुकानदारों से बातचीत के दौरान ऑनलाइन चुनौतियों के बारे में पूछा, जिस पर दुकानदारों ने बताया कि कैश बैक और अन्य लालच से चुनौती बढ़ी है।राहुल ने कहा कि किराना स्टोर सिर्फ एक व्यवसाय नहीं है बल्कि एक रिश्ता भी है।उन्होंने कहा कि आज के समय में एक बैलेंस बनाने की जरूरत है ताकि तकनीक और अविष्कार से लोगों पर ज्यादा प्रभाव न पड़े और सभी सुरक्षित रहें।

# श्रद्धालुओं को जीएमवीएन के होटलों में ठहरने पर किराये में मिलेगी 25 प्रतिशत छूट : धामी

### आगामी चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित करने के लिए पूरा प्लान बनाकर कार्य करें



जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में बैठक लेते हुए कहा कि केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के शीतकालीन प्रवास स्थलों की यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को जीएमवीएन के होटलों में किराये पर 25 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शीतकालीन यात्रा स्थलों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इस यात्रा के लिए विभिन्न माध्यमों से विभिन्न राज्यों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए। उन्होंने कहा कि शीतकालीन यात्रा राज्य की आर्थिकी को बढ़ाने में भी गेम चेंजर साबित होगी। पंच बद्री और पंच केदार के साथ ही शीतकालीन यात्रा प्रवास के आस-पास के प्रमुख स्थलों को विकसित करने के भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने संबधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि इस बार चारधाम यात्रा में जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा और उनका उचित समाधान कैसे किया जा सकता है, इस पर एक सप्ताह में शासन को रिपोर्ट प्रेषित करें। चारधाम यात्रा मार्गों पर प्रमुख आबादी वाले क्षेत्रों और होटलों के आस-पास सुव्यवस्थित पार्किंग बनाने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिये हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य के मान और सम्मान से जुड़ी यात्रा है। यात्रा को सुविधायुक्त बनाना और श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में हर साल तेजी से वृद्धि हो रही है। चारों धामों में जुटाई गई अवस्थापना विकास की सुविधाओं के दृष्टिगत कैरिंग कैपिसिटी बढ़ाने की दिशा में कार्य किये जाएं। चारधामों के आस-पास के प्रमुख पौराणिक स्थलों को विकसित किया जाए और उनका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। चारधाम यात्रा मार्गों में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। यमुनोत्री के दर्शन के लिए वैकल्पिक मार्ग पर भी कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए स्टेक होल्डरों के साथ शासन स्तर पर बैठक की जाए। स्टेक होल्डरों से सुझाव लेकर यात्रा प्रबंधन के लिए जो अच्छा हो सकता है, वह किया जाए।

### अर्द्धकुंभ के लिए अभी से तैयारियां शुरू करें

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हरिद्वार में होने वाले आगामी अर्द्धकुंभ के लिए अभी से तैयारियां शुरू की जाए। यह बड़ा आयोजन होता है, इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए अभी से हर क्षेत्र में कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा कॉरिडोर और शारदा कॉरिडोर पर भी तेजी से कार्य किये जाएं। पूर्णागिरी और कैंची धाम में दर्शनार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत वैकल्पिक मार्गों की दिशा में कार्य किया जाए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य किए जाएं।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश शेखर यादव के विवादित बयान का सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान



नईदिल्ली,इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस शेखर कुमार यादव के विवादित बयान पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामला विचाराधीन है और हाई कोर्ट से जानकारी मांगी गई है।इससे पहले कैंपेन फॉर ज्यूडीशियल अकाउंटैबिलिटी एंड रिफॉर्म्स (सीजेएआर) ने मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी।बता दें कि जस्टिस शेखर ने प्रयागराज में विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में ये विवादित बयान दिया था। जस्टिश शेखर ने कहा था, मुझे ये कहने में कोई झिझक नहीं है कि यह देश हिंदुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यक लोगों की इच्छा के मुताबिक चलेगा। यही कानून है। आप यह भी नहीं कह सकते कि हाई कोर्ट के जज होकर ऐसा बोल रहे हैं। कानून तो बहुसंख्यक से ही चलता है। परिवार में भी देखिए, समाज में भी देखिए। जहां पर अधिक लोग होते हैं, जो कहते हैं उसी को माना जाता है। जस्टिस शेखर ने कहा था, जो कठमुल्ला हैं, शब्द गलत है, लेकिन कहने में गुरेज नहीं है, क्योंकि वो देश के लिए घातक हैं। जनता को बहकाने वाले लोग हैं। देश आगे न बढ़े इस प्रकार के लोग हैं। उनसे सावधान रहने की जरूरत है। देश एक है और एक संविधान है तो कानून क्यों नहीं है? देश के महापुरुषों का अनादर करने का अधिकार नहीं है। इस देश में हलाला, तीन तलाक नहीं चलने वाला है। सीजेएआर ने सीजेआई को पत्र लिखकर इन हाउस जांच की मांग की है। सीजेएआर ने लिखा, जस्टिस शेखर द्वारा मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अपमानजनक और अस्वीकार्य शब्दों का इस्तेमाल उच्च न्यायालय के पद की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। यह आचरण संविधान के अनुच्छेद 12, 21, 25 और 26 के साथ प्रस्तावना का भी उल्लंघन करता है। सीजेएआर ने जस्टिस शेखर को तत्काल प्रभाव से न्यायिक कार्य से हटाने की मांग की थी।

## पूर्व विदेश मंत्री एसएम कृष्णा का 92 साल की उम्र में निधन, बीमारियों से थे पीड़ित

नईदिल्ली, पूर्व विदेश मंत्री और कर्नाटक में मुख्यमंत्री का पद संभाल चुके सोमनाहल्ली मल्लैया कृष्णा (एसएम कृष्णा) का सोमवार देर रात निधन हो गया।उन्होंने रात 2:30 बजे बेंगलुरु स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। 92 वर्षीय कृष्णा उम्र से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे थे।उनके पार्थिक शरीर को मद्दुर ले जाया जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार होगा।कृष्णा ने अपना पहला विधानसभा चुनाव 1962 में मद्दुर से ही निर्दलीय लड़ा था और कांग्रेस उम्मीदवार को हराया था। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उनके निधन पर एक्स पर कन्नड़ में लिखा, राज्य, केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री के रूप में कृष्णा की सेवा अद्वितीय है। मुख्यमंत्री के रूप में आईटी–बीटी क्षेत्र के विकास में उनके योगदान के लिए कर्नाटक हमेशा उनका ऋणी रहेगा। कृष्णा एक गुप्त राजनीतिज्ञ थे, जो अजातशत्रु के दुश्मन थे। कांग्रेस में शामिल होने के शुरुआती दिनों में कृष्णा मेरे मार्गदर्शक–शुभचिंतक रहे। कृष्ण की दूरदर्शिता, अनुशासन, सज्जनता और अध्ययनशील रवैया उभरते राजनेताओं के लिए आदर्श हैं।

## गगनयान मिशन के लिए इसरो और भारतीय नौसेना ने किया रिकवरी ऑपरेशन का परीक्षण



नईदिल्ली, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और नौसेना ने गगनयान मिशन के लिए रिकवरी ऑपरेशन का परीक्षण किया है।इस परीक्षण में विशाखापत्तनम के तट पर स्थित एक वेलडेक का उपयोग किया गया। वेलडेक एक प्रकार का फ्लोटिंग प्लेटफॉर्म है, जिसमें पानी भरा जा सकता है और इसे बुलवार्क से संरक्षित किया जा सकता है।इसका उद्देश्य क्रू मॉड्यूल को समुद्र में स्पलैशडाउन के बाद रिकवर करना है। मॉकअप क्रू–मॉड्यूल को रिकवरी प्रक्रिया की पूरी जांच के लिए इस्तेमाल किया गया। इस परीक्षण में क्रू–मॉड्यूल से रिकवरी बॉय को जोड़ा गया, जिससे मॉड्यूल को वेलडेक शिप में खींचा जा सके।इसके बाद क्रू–मॉड्यूल को वेलडेक के भीतर एक फिक्सचर पर रखा गया। रिकवरी ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य समुद्र में क्रू–मॉड्यूल के उतरने के बाद उसे जल्दी से जहाज में खींचकर वापस लाना है।इस परीक्षण से गगनयान मिशन की सुरक्षा और प्रभावशीलता को बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे भविष्य में ऐसे मिशन की सफलता की संभावना बढ़ेगी।

गगनयान मिशन के लिए ग्राउंड फिक्सचर और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का परीक्षण किया गया।भारतीय नौसेना यह परीक्षण कर रही है, ताकि रिकवरी के लिए सबसे बेहतर रणनीतियों को समझा जा सके। यह परीक्षण श्रृंखला में नाममात्र और ऑफ–नॉमिनल स्थितियों के लिए एसओपी को सही किया जा रहा है।

# पटियाला हाउस कोर्ट ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के खिलाफ समन जारी किया, धोखाधड़ी का मामला




नई दिल्ली,दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने हाल में ही एक धोखाधड़ी के मामले में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के खिलाफ समन जारी किया है. एक्टर धर्मेंद्र के अलावा दो अन्य को भी समन किया गया है. ये मामला गरम धरम ढाबा फ्रेंचाइजी से जुड़ा है. न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) यशदीप चहल की ओर से जारी किया गया ये समन दिल्ली के बिजनेसमैन सुशील कुमार की शिकायत पर आधारित है, जिन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें फ्रेंचाइजी में निवेश करने के लिए लालच दिया गया था. न्यायाधीश ने 5 दिसंबर को पारित समन आदेश में कहा, रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य प्रथम दृष्टया संकेत देते हैं कि आरोपी व्यक्तियों ने अपने सामान्य इरादे को आगे बढ़ाने के लिए शिकायतकर्ता को प्रेरित किया और धोखाधड़ी के अपराध के तत्वों का विधिवत खुलासा किया गया है. जिसके बाद आरोपी व्यक्तियों क्रमांक 1 (धर्म सिंह देओल), 2 और 3 को धारा 420, 120बी के साथ धारा 34 आईपीसी के तहत अपराध करने के लिए बुलाया जाता है. आरोपी व्यक्तियों क्रमांक 2 और 3 को आईपीसी की धारा 506 के तहत आपराधिक धमकी के अपराध के लिए भी बुलाया जाता है, मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी, 2025 को होगी. 9 अक्टूबर, 2020 को अदालत ने एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने की मांग वाली एक अर्जी को खारिज कर दिया था. हालांकि, अदालत ने शिकायत का संज्ञान लिया था और शिकायतकर्ता को सबूत पेश करने का निर्देश दिया था. शिकायतकर्ता सुशील कुमार की ओर से अधिवक्ता डीडी पांडे पेश हुए. शिकायतकर्ता के मुताबिक अप्रैल 2018 के महीने में सह–अभियुक्तों ने एनएच–24/एनएच–9, उत्तर प्रदेश पर गरम धर्म ढाबा की फ्रेंचाइजी खोलने के प्रस्ताव के लिए उनसे संपर्क किया था.

## महाराष्ट्र में वीवीपैट की गिनती में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई :चुनाव आयोग

नई दिल्ली, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा लगातार उठाये जा रहे सवालों के बीच भारतीय निर्वाचन आयोग ने आरोपों को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य में वीवीपैट की गिनती में किसी प्रकार की खामी सामने नहीं आई है। आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि नियमों के मुताबिक हर विधानसभा क्षेत्र के पांच पोलिंग स्टेशनों के ईवीएम के वोटों का वीवीपैट से मिलान जरूरी होता है। इन पांच पोलिंग स्टेशनों का चयन लॉटरी के जरिये होता है और वीवीपैट तथा ईवीएम के वोटों के मिलान के दौरान चुनाव आयोग के ऑब्जर्वर और हर उम्मीदवार के प्रतिनिधि मौजूद होते हैं। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि 23 नवंबर 2024 को मतगणना के दिन महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए 1,440 पोलिंग स्टेशन के वीवीपैट स्लिप का मिलान किया गया था। आयोग ने कहा, हर विधानसभा क्षेत्र में पांच पोलिंग स्टेशन के वोटों की गिनती के बाद कहीं भी उम्मीदवारों को ईवीएम में मिले वोट और वीवीपैट मशीन की पर्ची में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई।

## आसाराम को तीसरी बार मिली पैरोल, 17 दिन तक पुणे में होगा इलाज



नईदिल्ली,बलात्कार के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को तीसरी बार पैरोल मिली है।राजस्थान हाई कोर्ट ने आसाराम को 15 दिसंबर से 17 दिन की पैरोल दी है। आसाराम को पहले ही 30 दिन की पैरोल मिली हुई थी, जिस दौरान वो जोधपुर के एक अस्पताल में इलाज करवा रहा था।पैरोल अवधि बढ़ाने के लिए उनके वकील की ओर से याचिका लगाई गई थी, जिस पर कोर्ट ने पैरोल अवधि 17 दिन बढ़ा दी है।

आसाराम को सजा होने के बाद से तीसरी बार पैरोल मिली है। 7 नवंबर को जोधपुर के निजी आयुर्वेदिक अस्पताल में इलाज के लिए आसाराम को 30 दिन की पैरोल मिली थी।इससे पहले 13 अगस्त को भी 7 दिन की पैरोल मिली थी। तब भी आसाराम ने 27 अगस्त से 2 सितंबर तक पुणे के माधो बाग अस्पताल में इलाज करावाया था।बाद में इस पैरोल की अवधि भी 5 दिन बढ़ा दी गई थी। एक नाबालिग लडक़ी ने आरोप लगाया था कि आसाराम ने अगस्त 2013 में उसे जोधपुर के पास मणाई स्थित अपने आश्रम में बुलाकर बलात्कार किया था।

## सम्पादकीय

# शीतकालीन चार धाम यात्रा

सामान्य सीजन में चलने वाली चार धाम यात्रा इस बार रिकॉर्ड यात्रियों के आगमन के साथ संपन्न हो गई है लेकिन इधर उत्तराखंड सरकार ने राज्य में पर्यटन एवं धार्मिक आयोजन की दिशा में शीतकालीन चार धाम यात्रा का आयोजन शुरू कर दिया है। इस आयोजन को भी सफल बनाने के लिए व्यापक तौर पर व्यावसायिक एवं धार्मिक स्तर पर तैयारी की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं को सर्दियों के मौसम में भी किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। यही नहीं आम सीजन की अपेक्षा शीतकालीन चार धाम यात्रा के लिए आवासीय दरों को भी एक लुभावने ऑफर के साथ सुनिश्चित किया गया है। शीतकालीन चार धाम यात्रा के लिए भी पंजीकरण पोर्टल सिस्टम को मजबूत बनाया जाएगा ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानियों से रूबरू ना होना पड़े। शासकीय स्तर पर प्रशासनिक अधिकारियों को इसके लिए दिशा निर्देश जारी किए जा चुके हैं और निश्चित तौर पर उत्तराखंड सरकार का यह प्रयास पर्यटन एवं धार्मिक आस्था के लिहाज से भी प्रदेश के लिए लाभदायक साबित होगा। शीतकालीन चार धाम यात्रा में श्रद्धालुओं को आकर्षित करने के साथ–साथ इसका लाभ पर्यटन को भी मिलेगा, जबकि राज्य में बनने वाले हस्त निर्मित उत्पाद एवं कृषि संबंधित उत्पादों को भी अच्छी ब्रांडिंग के साथ पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। हालांकि उत्तराखंड में अभी शीतकालीन चार धाम यात्रा का अधिक प्रचलन नहीं है और ना ही श्रद्धालु इस यात्रा के प्रति अधिक गंभीर नजर आए हैं लेकिन सरकार ने इस आयोजन के लिए भी प्रचार प्रसार में अच्छी खासी मेहनत शुरू कर दी है और उम्मीद की जा सकती है कि प्रारंभिक चरण के बाद आने वाले वर्षों में इस यात्रा को लेकर भी श्रद्धालुओं में उत्सुकता उत्पन्न होगी। शीत कालीन चार धाम यात्रा के संपन्न होने के बाद सामान्यत: व्यापारी भी अपने व्यवसाय को समेट कर मैदानों का रुख कर लेते थे लेकिन अब शीत सत्र में भी व्यवसाय को कमाई के अवसर प्राप्त होंगे। हालांकि यह बातें केवल प्रचार प्रसार से पटरी पर आने वाली नहीं है बल्कि इसके लिए आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक जब तक स्वयं अपने अनुभवों को साझा नहीं करेंगे तब तक इसका अधिक असर देखने को नहीं मिलेगा। यात्रा के लिए उचित पार्किंग की व्यवस्था के साथ–साथ ठंड के मौसम में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर भी सरकार को विशेष फोकस करना होगा। मानसून के दौरान चार धाम यात्रा पर दिखने वाली प्राकृतिक आपदा सर्दियों के मौसम में भी अपना असर दिखा सकती है खास तौर से भारी संख्या में बर्फबारी यात्रा के आयोजन एवं यात्रियों की सुरक्षा को लेकर बड़ी चुनौतियां पैदा कर सकती है। इन परिस्थितियों में आपदा राहत तंत्र के साथ–साथ अन्य संबंधित विभागों को भी समन्वय बनाकर काम करना होगा। चारधाम यात्रा राज्य के मान सम्मान से जुड़ी यात्रा है। यात्रा को सुविधायुक्त बनाना और श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराना हम सबकी सामुहिक जिम्मेदारी है।

# आजादी के दशकों बाद भी देश की सड़कों के हाल बेहाल

**रजनीश कपूर**

जब भी कभी हम विदेशों की सडक़ें और राजमार्गों पर फर्राटे से दौड़तीं गाडिय़ों को देखते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि हमारे देश में ऐसे दृश्य कब दिखेंगे। आजादी के इतने दशकों बाद भी हमारे देश की सडक़ों के हाल बेहाल है।



राजनैतिक दल सत्ता में आते–जाते रहते हैं पर इन बुनियादी सुविधाओं पर किसी भी दल का ध्यान नहीं जाता, लेकिन बीते कुछ वर्षों में सडक़ों व राजमार्गों के बनने में तेजी अवश्य आई है। वो अलग बात है कि चुनावी घोषणाओं के दबाव में और जल्दबाजी में इन सडक़ों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता।

राजनैतिक दल कोई भी हो राजमार्ग बनाने की जल्दी में किसी ने भी राजमार्गों पर होने वाले हादसों को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए, जबकि विदेशों में राजमार्गों पर होने वाले हादसों के प्रति वहां की सरकारी और नागरिक काफी संवेदनशील हैं।

दो वर्ष पहले जब मशहूर उद्योगपति साइरस मिस्त्री की एक सडक़ हादसे में मृत्यु हुई थी तो सडक़ नियमों को लेकर काफी चर्चा हुई। इस हादसे के पीछे कई कारण बताए गए, जैसे की तेज गति, हादसे की जगह सडक़ का कम चौड़ा होना, आदि। परंतु बुनियादी सवाल यह है कि किसी अमीर व्यक्ति द्वारा चलाई जाने वाली महंगी लग्जरी कार हो या किसी मामूली ट्रक या बस ड्राइवर द्वारा चलाए जाने वाला साधारण वाहन, क्या वाहन चलाने वाले और परिवहन नियम लागू करने वाले अपने–अपने काम के प्रति जिम्मेदार हैं?

क्या ये कहना गलत नहीं होगा कि हमारे देश में सडक़ सुरक्षा और परिवहन के नियम और कानून दोनों ही काफी लचर हैं। यही कारण है कि भारत में सडक़ दुर्घटनाएं और देशों की तुलना में काफी ज्यादा होती हैं? यदि कानून की बात करें तो हमारे देश के कानून इतने लचर हैं कि सडक़ दुर्घटना में यदि किसी की मृत्यु भी हो जाती है तो वाहन चालक को बड़ी आसानी से जमानत भी मिल जाती है। ज्यादातर ट्रक व बस ड्राइवरों को भी इस बात का पता है कि उन्हें कड़ी सजा नहीं मिलेगी। सडक़ नियम और कानून को सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी केवल ट्रैफिक पुलिस की नहीं होनी चाहिए। इनको लागू करने के लिए समय–समय पर जागरूकता अभियान भी चलाए जाने चाहिए। होता यह है कि देश भर में सडक़ व यातायात नियमों के लिए केवल साल में एक ही बार ऐसे अभियान चलाए जाते हैं। यदि ऐसे जागरूकता अभियान महीने में एक बार चलाए जाएं तो ड्राइवरों और आम जनता के बीच जानकारी सही से पहुंचेगी।

वे जागरूक होंगे और नियम तोडऩे से पहले कई बार सोचेंगे। इसके साथ ही कानून में भी कड़ी सजा के प्रावधान होने चाहिए जिससे कि सभी के बीच एक संदेश जाए कि यदि सडक़ और यातायात नियमों को अनदेखा किया या उन्हें तोड़ा तो उसका परिणाम महंगा पड़ेगा। कड़े कानून लागू होने की बात करें तो होता यह है कि कई सडक़ों पर और राजमार्गों पर कुछ निर्धारित स्थानों पर स्पीड चेक करने वाले कैमरे लगे होते हैं। इनकी जानकारी वहां से नियमित रूप से निकालने वाले ड्राइवरों को पहले से ही होती है।

इसलिए वे उस जगह पर अपनी गाड़ी को नियंत्रित गति से चलाते हैं। ऐसे में दुर्घटनाएं टल तो जाती हैं परंतु जैसे ही वो कैमरे की दृष्टि से दूर होते हैं, वैसे ही गाड़ी के एक्सलेरेटर को जोर से दबा देते हैं। मतलब यह हुआ कि केवल चालान से बचने की नीयत से ही वे गाड़ी को निर्धारित गति से चलाते हैं, जबकि यह तथ्य जगज़ाहिर है कि यदि आप अपनी गाड़ी को नियंत्रित गति से चलाते हैं तो न सिर्फ दुर्घटना टलती है बल्कि ईंधन भी कम खर्च होता है।

सरकार और ट्रैफिक पुलिस को इस बात पर भी ध्यान देना चाहिए कि जो कैमरे तेज रफ्तार से चलने वाली गाडिय़ों का चालान करते हैं, उनसे अधिक काम भी लिया जा सकता है। स्पीड कैमरे की तकनीक की बात करें तो उसमें लगे रेडार से एक सिग्नल जाता है जो केवल तेज रफ्तार से चलने वाली गाड़ी की ही फोटो खींचते हैं। यदि इसी तकनीक में थोड़ा सा सुधार किया जाए तो वही कैमरा कई ट्रैफिक उल्लंघनों की फोटो भी खींच सकता है।

ये सब बातें मैं इसलिए कह रहा हूं कि जब आज से कुछ वर्ष पहले मैं लंदन की यात्रा पर था तो वहां मेरे स्थानीय मित्र ने गाड़ी को राजमार्ग पर लाने से पहले चश्मा लगा लिया। मेरे पूछने पर उन्होंने बताया कि, 'मेरी गाड़ी और ड्राइविंग लाइसेंस पर जो फोटो लगी है उसमें मैंने मामूली नंबर का नजर का चश्मा पहना हुआ है। यदि मैं बिना चश्मे के गाड़ी चलाऊंगा तो मेरा चालान हो जाएगा।' उनका मतलब यह था कि जगह–जगह लगे कैमरे हर पहलू को पकड़ लेते हैं। आज के सूचना प्रौद्योगिकी के युग में एक से बढक़र एक गुणवत्ता वाले कैमरे उपलब्ध हैं जो इन सभी पहलुओं को पकड़ सकते हैं। जरूरत केवल सही सोच और पहल करने की इच्छा की है। देखना यह है कि हमारे देश में ऐसे बदलाव कब होंगे? केवल चुनावी घोषणाओं के चलते नये–नये राजमार्ग खोलने से कुछ नहीं होगा। सडक़ और यातायात नियमों को सख्ती से लागू भी किया जाए। शायद तभी हमारे देश में सडक़ दुर्घटनाओं में कमी आए।

# न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान

**सुप्रीम कोर्ट के चार और हाई कोर्ट के 17 पूर्व न्यायाधीशों ने किसी का नामोल्लेख किए बिना आरोप लगाया है कि कुछ लोग यानी वकील अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों एवं व्यक्तिगत लाभों से प्रेरित होकर न्यायिक संस्था को कमजोर करने में लगे हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ से ऐसे तत्वों के झांसे में न आकर न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया गया है।**

अब की बार पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका को अनावश्यक दबाव से बचाने के लिए देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा है। सुप्रीम कोर्ट के चार और हाई कोर्ट के 17 पूर्व न्यायाधीशों ने किसी का नामोल्लेख किए बिना आरोप लगाया है कि कुछ लोग यानी वकील अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों एवं व्यक्तिगत लाभों से प्रेरित होकर न्यायिक संस्था को कमजोर करने में लगे हैं।जस्टिस चंद्रचूड़ से ऐसे तत्वों के झांसे में न आकर न्यायिक गरिमा को अक्षुण्ण रखने का आह्वान किया गया है।इसी तरह की भाषा–शैली में आज से तीन हफ्ते पहले सवोच्च एवं उच्च न्यायालयों के 600 अधिवक्ताओं, जिनमें हरीश साल्वे जैसे दिग्गज शामिल थे, ने जस्टिस चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखा था। इसमें भी न्यायपालिका के सामने आ रही वैसी ही कठिनाइयों का जिक्र किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी जड़ कांग्रेस की प्रतिबद्ध न्यायपालिका बनाने की मानसिकता में बताया था तो उजागर हुआ था कि पत्र का ताल्लुक कांग्रेसी विचारधारा के अधिवक्ताओं से है, जो पीठ या न्यायाधीशों पर मनमाफिक फैसले के लिए अनुचित दबाव और प्रभाव डालते हैं।पत्र पर दस्तखत करने वाले जस्टिस ढींगरा ने एक इंटरव्यू में कपिल सिब्बल का नाम लेते हुए कहा है कि वे मामले में पैरवी के दौरान केस की मेरिट पर दलीलें न देकर कहने लगते हैं कि अगर इसे छोड़ा नहीं गया तो बवाल हो जाएगा आदि।इसी समूह में प्रशांत भूषण और अभिषेक मनु सिंघवी के भी नाम हैं। और भी नाम हो सकते हैं। ये लोग पहले इजलास के अंदर और इसके बाहर इंटरव्यू एवं लेखों के जरिए उन फैसले को सरकार के दबाव में दिया बता कर उनकी अतार्किक आलोचनाएं करते हैं, जो उनके विरोध में आए होते हैं। इससे न्यायपालिका पर खामख्वाह दबाव बनता है। एक बार जस्टिस चेलमेर ने भी इन करोड़ी समूह के अधिवक्ताओं से दिक्कत बताई थी। न्यायिक क्षेत्र–निचली से लेकर सवोच्च अदालत तक–में हाल के दशकों में यह एक फेनोमिना के रूप में विकसित हुआ है। इसमें मनचाही खंडपीठ के लिए तो पीठ बदलने के लिए जोर–जबर्दस्ती की जाती है। इस समस्या का समूचा हिस्सा न्यायालीय ही नहीं है। राजनीतिक विचारधारा और सबसे अधिक उसकी सत्ता भी है। दबावकारी प्रवृत्ति बढ़ी है तो इसकी वजह कुछेक न्यायाधीशों में सत्ता के नजदीक जाने की कमजोरी भी है। यह दबाव से काम करा ले जाने का साहस पैदा करता है।

# नौकरशाही से जुड़ी अनावश्यक बाधाएं समाप्त

**ए.के. खंडेलवाल**

भारतीय रेल और पीएम गतिशक्ति–नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस–एनएमपी) के बीच साझेदारी भारत के बुनियादी ढांचे के विकास में मांग के अनुरूप परिवर्तनकारी (गेमचेंजर) भूमिका निभा रही है।

इस एकीकृत दृष्टिकोण ने बुनियादी ढांचे से जुड़े मंत्रालयों और रेलवे जोन के बीच समन्वय को उल्लेखनीय तरीके से बेहतर बनाया है, जिससे परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करने में तेजी आई है। इस पहल ने परियोजनाओं के सर्वेक्षण को मंजूरी देने में आम तौर पर लगने वाले 4–5 महीनों के समय को घटा कर सात दिन कर दिया है। इससे पूरे रेलवे नेटवर्क की दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2022–23 के दौरान कुल 458 परियोजनाओं के सर्वेक्षणों को मंजूरी दी गई जबकि पहले यह संख्या लगभग 50 थी। जहां रेलवे ने ऐतिहासिक रूप से अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय किया है, वहीं पीएमजीएस के माध्यम से उन्नत डिजिटल प्लेटफामों एवं वास्तविक समय में निगरानी का लाभ उठाते हुए परिवहन के विभिन्न साधनों के एकीकरण ने देश के बुनियादी ढांचे के इकोसिस्टम में क्रांति ला दी है।

पीएमजीएस का सबसे व्यापक प्रभाव विभागीय अवरोधों को तोडऩा है। परंपरागत रूप से सात अलग–अलग विभाग रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से काम करते हैं। परिणामस्वरूप अनावश्यक देरी और अक्षमताएं पैदा होती हैं। अंतरविभागीय संवाद को बढ़ावा देने और डिजिटल प्लेटफामों का लाभ उठाने से परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान करने में तेजी आई है और नौकरशाही से जुड़ी अनावश्यक बाधाएं समाप्त हो गई हैं।

पीएमजीएस के कार्यान्वयन से योजना निर्माण में काफी सुधार आया है। गतिशक्ति के आने से पहले जहां प्रत्येक वर्ष 6–7 परियोजनाएं ही स्वीकृत होती थीं, वहीं वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान 73 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इस एक वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक रिकॉर्ड हैं। कुल 5,309 किमी. नई लाइन, दोहरीकरण और गेज परिवर्तन की परियोजनाओं के पूरा होने के साथ परियोजनाओं के अंतिम रूप से कार्यान्वित होने का रिकॉर्ड भी काफी ऊपर पर पहुंच गया। रेल विद्युतीकरण 7,188 रूट किमी. (आरकेएम) के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है और ट्रैक कमीशनिंग की गति 4 किमी. प्रति दिन से बढक़र 15 किमी. प्रति दिन हो गई है। प्रभावी रूप से पीएमजीएस–एनएमपी कहां, क्या और कब की विस्तृत मैपिंग के माध्यम से बुनियादी ढांचे की भविष्योन्मुखी योजनाएं बना रहा है। इसमें सामाजिक–आर्थिक बुनियादी ढांचे, ट्रंक एवं उपयोगिता नेटवर्क, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी, पर्यटन स्थल, भूमि राजस्व मानचित्र और वन सीमाओं से जुड़े सटीक एवं व्यापक आंकड़ों का समावेश है। ये जानकारियां परियोजनाओं के योजना निर्माण और कार्यान्वयन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं।

सभी परियोजनाओं की जांच (एनपीजी) नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप द्वारा की जाती है, जिसमें अतिरेक और निर्माण के बाद केबल/पाइप बिछाने के लिए नई बनी सडक़ों को तोडऩे जैसी स्थितियों से बचते हुए समन्वित योजना निर्माण हेतु बुनियादी ढांचे से संबंधित सभी मंत्रालय शामिल हैं। उदाहरण के लिए हाउसिंग सोसाईटियां अब निवासियों के आने से पहले सीवेज, बिजली तथा अन्य सुविधाओं से लैस होंगी और कार्रवाई के लिए शिकायतों के आने का इंतजार नहीं किया जाएगा। मांगों के बढऩे से पहले ही विस्तारित हो रहे उपनगरों के पास स्थित गोदामों को समय पर सडक़ कनेक्टिविटी मिलेगी और विस्तार के दौर से गुजर रहे बंदरगाहों को पर्याप्त रेलवे निकासी और मल्टीमॉडल लिंक का लाभ मिलेगा।

योजना निर्माण की इस कुशल क्षमता को भास्कराचार्य नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एंड जियो–इंफॉर्मेटिक्स (बीआईएसएजी–एन) द्वारा समर्थित किया गया है, जिसने पीएमजीएस–एनएमपी को विकसित करने में महती भूमिका निभाई है। गतिशक्ति की सफलता का महत्त्वपूर्ण पहलू बुनियादी ढांचे की उन प्रमुख परियोजनाओं को प्राथमिकता देने में निहित है, जिनका कनेक्टिविटी, दक्षता और लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने पर अधिकतम प्रभाव पड़ेगा। रेलवे अब शुरु आती और अंतिम छोर तक की कनेक्टिविटी के लिए आर्थिक केंद्र, खदानें, बिजली संयंत्र और लॉजिस्टिक्स हब जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान कर सकता है और मांग से पहले माल ढुलाई गलियारे एवं बंदरगाह कनेक्टिविटी परियोजनाओं की योजना बना सकता है।

भारत में आर्थिक विकास को गति देने तथा व्यापार करना और अधिक आसान बनाने की क्षमता के आधार पर इस बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी गई है। कुल 16 रेलवे जोन के सभी 68 मंडलों के बीच बेहतर सहयोग के माध्यम से होने वाला सुधार स्पष्ट दिखाई देता है। गतिशक्ति के आने से पहले प्रत्येक रेलवे जोन व विभाग एक हद तक अलग–थलग रूप से संचालित होते थे। इससे देरी, अक्षमताएं और समन्वय की कमी की समस्याएं पैदा होती थीं। पीएमजीएस–एनएमपी के माध्यम से डिजिटल इंटरफेस की शुरुआत ने क्रॉस–जोन सहयोग का एक एकीकृत मंच प्रदान किया, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान और परियोजनाओं का सुचारु कार्यान्वनका संभव हुआ। हालांकि मैं पीएमजीएस और भारतीय रेलवे, दोनों को सचेत करना चाहूंगा। जहां सचिन और सौरव ने क्रिकेट के मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं राजनीतिक क्षेत्र में उन्हें चुनौतियों का सामना करना पड़ा। वैसे ही, पीएमजीएस की शक्ति और रेलवे के दृढ़ संकल्प को वैसी राजनीतिक परियोजनाओं से कमजोर नहीं पडऩे दिया जाना चाहिए जिनमें दीर्घकालिक लाभ का अभाव हो क्योंकि भारत जल्द ही अपनी आजादी के सौ वर्ष पूरा करने वाला है।

# सोनू सूद की फतेह के टीजर की रिलीज डेट से उठा पर्दा

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह का टीजर आज 9 दिसंबर को रिलीज होने वाला है. इस खबर की पुष्टि एक जबरदस्त पोस्टर के जरिए की गई है, जो फैंस के बीच काफी चर्चा का विषय बन गया है. पोस्टर में सोनू सूद का दमदार और एक्शन से भरपूर अवतार देखने को मिल रहा है, जिसमें वह एक दुश्मन को पकड़ते हुए नजर आ रहे हैं.वहीं फिल्म 10 जनवरी को रिलीज के लिए तैयार है.



फतेह का निर्देशन सोनू सूद ने खुद किया है और यह फिल्म ज़ी स्टूडियोज के बैनर तले बनी है. फिल्म के प्रोड्यूसर सोनाली सूद और उमेश केआर बंसल हैं. पोस्टर में दिखाई गई झलक ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है.फिल्म के बारे में बात करते हुए दबंग एक्टर ने कहा, फिल्म फतेह सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं है. ये एक ऐसी कहानी है, जो साइबर अपराध के तेजी से बढ़ते मुद्दे पर प्रकाश डालती है. जिसे एक रोमांचक कहानी के जरिए पर्दे पर उतारा गया है. मेरा ये प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है. मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म से बेहतर तरीके से जुड़ पाएंगे. एक फिल्म निर्माता के रूप में, मेरा उद्देश्य एक ऐसी कहानी पेश करना है, जो आज की दुनिया की कहानी कहती हो.इसमें जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह जैसे कई सितारे नजर आएंगे.फतेह कोविड–19 महामारी के दौरान लोगों को प्रभावित करने वाले साइबर अपराध के वास्तविक जीवन के उदाहरणों से प्रेरित है. फिल्म में सिनेमैटोग्राफी, रिसर्च और एक्शन कोरियोग्राफी के लिए प्रसिद्ध हॉलीवुड पेशेवरों सहित एक टीम है.

## थलापति विजय की आखिरी फिल्म थलापति 69 में पूजा हेगड़े की एंट्री

थलापति विजय की आखिरी फिल्म से मेकर्स ने एक बड़ा अपडेट शेयर किया है. विजय की इस फिल्म में साउथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े लीड हीरोइन बनेंगी. हाल ही में मेकर्स ने बॉबी देओल के कास्ट जॉइन करने का अनाउंसमेंट किया था और अब पूजा हेगड़े भी थलापति 69 की कास्ट का हिस्सा होंगी. केवीएन प्रोडक्शन ने कुछ दिन पहले फिल्म का पोस्टर शेयर किया था. जिसमें लिखा था द टॉर्च बैरियर ऑफ डेमोक्रेसी इसके बाद फैंस फिल्म की और ज्यादा अपडेट जानने के लिए बेताब थे. इसीलिए मेकर्स एक एक करके इसकी कास्ट रिवील कर रहे हैं.थलापति 69 के मेकर्स ने बड़ा अपडेट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म में बॉबी देओल की एंट्री हो चुकी है. हालांकि उनका रोल क्या होगा अभी इस बारे में खुलासा नहीं हुआ है. केवीएन प्रोडक्शन ने हाल ही में एक धांसू पोस्टर शेयर किया जिसमें बॉबी देओल का फेस रिवील किया गया. पोस्टर के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा– 100% ऑफिशियल, हम बहुत खुश और एक्साइटेड हैं अनाउंस करते हुए कि बॉबी देओल ने थलापति 69 की कास्ट जॉइन कर ली है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, विजय थलापति ने इस फिल्म के लिए 275 करोड़ रुपये बतौर फीस ली है.

# लाज बचाने उतरेगी भारतीय टीम

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम इन दिनों ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के पहले 2 मुकाबले जीतकर ऑस्ट्रेलिया टीम पहले ही सीरीज अपने नाम कर चुकी है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले मैच में भारत को 5 विकेट से और दूसरे वनडे 122 रन से मात दी थी। अब तीसरी वनडे में भारतीय महिलाओं की कोशिश लाज बचाने पर होगी। ऐसे में आइए जानते हैं कि तीसरा वनडे कब और कहां खेला जाएगा। फैंस इस मैच को भारत में कैसे देख सकते हैं।




### लाइव स्ट्रीमिंग डिटेल

भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा वनडे कब खेला जाएगा?

भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा वनडे बुधवार, 11 दिसंबर को खेला जाएगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा वनडे कहां खेला जाएगा? भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा वनडे पर्थ में खेला जाएगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा वनडे भारतीय समयानुसार कितने बजे शुरू होगा? भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा वनडे भारतीय समयानुसार सुबह 9:50 बजे शुरू होगा। साथ ही टॉस 9:20 बजे होगा।भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा वनडे टीवी पर कैसे देख सकते हैं?भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरा वनडे स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर ब्रॉडकास्ट होगा। ऐसे में स्टार के चैनल पर मैच का लाइव प्रसारण देख सकते हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरे वनडे को मोबाइल पर कैसे लाइव देख सकते हैं?भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम के बीच तीसरे वनडे की लाइव स्ट्रीमिंग डिज्नी प्लस हॉटसर एप पर उपलब्ध होगी। मुकाबले से जुड़ी अन्य सभी खबरें और मैच रिपोर्ट आप दैनिक जागरण पर पढ़ सकते हैं।

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप–कप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह , साइमा ठाकोर, उमा छेत्री (विकेटकीपर।

### ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम

डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गर्थ, एलाना किंग, फोबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पैरी, मेगन शट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

# रिवीलिंग आउटफिट पहन भूमि पेडनेकर ने इंटरनेट पर बरपाया कहर

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लग जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।बी–टाउन की ग्लैमरस हसीना भूमि पेडनेकर हमएशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो फैंस के बीच छा जाती है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहनकर फोटोशूट करवाया है। इन फोटोज में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। भूमि पेडनेकर जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने सिल्वर कलर का चमकता हुआ रिवीलिंग गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो कैमरे के सामने एक से बढक़र एक अंदाज में पोज देते हुए नजर आ रही हैं।





## विराट कोहली करेंगे डॉन ब्रैडमैन के 76 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने पर्थ टेस्ट मैच की दूसरी पारी में जब शतक जमाया था तो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन को पीछे कर दिया था। कोहली का ये टेस्ट क्रिकेट में 30वां शतक था जबकि ब्रैडमैन के 29 शतक हैं। एडिलेड में भी कोहली से इस महान बल्लेबाज के एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी करने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। अब नजरें 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच पर टिकी हैं। कोहली ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर ब्रैडमैन के बड़े रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें चाहिए एक शतक। कोहली जिस तरह के बल्लेबाज हैं उसे देख शतक उनके लिए मुश्किल नहीं लगता। पर्थ टेस्ट मैच में मुश्किल हालात में उन्होंने सैकड़ा बनाया था। टीम इंडिया के फैंस उम्मीद करेंगे की गाबा में भी कोहली के बल्ले से शतक निकले।

# फिर बदल जाएगा गेंद का रंग, टीम इंडिया को रणनीति में करना होगा परिवर्तन

नई दिल्ली। एडिलेड में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 10 विकेट से हार के बाद अब भारतीय टीम गाबा टेस्ट की तैयारी में जुट गई है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के इस तीसरे टेस्ट में गेंद का रंग बदल जाएगा।

जहां एडिलेड में खेला गया डे–नाइट टेस्ट पिंक बॉल से खेला गया था, वहीं सीरीज का तीसरा टेस्ट अब लाल गेंद से खेला जाएगा। ऐसे में भारतीय टीम एडिलेड में होने वाले मैच के लिए लाल गेंद से अभ्यास करने में जुट गई है। टीम इंडिया को तीसरे टेस्ट में अपनी रणनीति में भी कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं।

### एडिलेड में ही है भारतीय टीम

भारतीय टीम अभी एडिलेड में ही है। रोहित शर्मा एंड कंपनी ने एडिलेड में ही ब्रिसबेन टेस्ट की तैयारी शुरू कर दी है। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के अभ्यास का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। एक्स पर पोस्ट इस वीडियो के साथ बोर्ड ने कैप्शन में लिखा, "ब्रिस्बेन टेस्ट की तैयारी यहीं एडिलेड में शुरू हो रही है।"

### रोहित शर्मा का नहीं चला था बल्ला

तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम अपने बैटिंग ऑर्डर में भी बदलाव कर सकती है।

कप्तान रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट में 6 नंबर पर बल्लेबाजी करते नजर आए थे।

जहां वह बुरी तरह फेल हुए थे। उन्होंने पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 6 रन बनाए थे।

इस मैच में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने ओपनिंग की थी।

गाबा में रोहित एक बार फिर यशस्वी के जोड़ीदार बन सकते हैं।

# चुनाव की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता व पदाधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम चुनाव के नजदीक आते ही भाजपा की ओर से निगम चुनावों की तैयारी आरंभ हो गई है। मंगलवार को प्रदेश संगठन की ओर से कोटद्वार नगर निगम को लेकर नियुक्त चुनाव प्रभारी ओबीसी मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक ली।

पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि जब तक सभी कार्यकर्ता एकजुट नहीं होंगे और बूथ मजबूत नहीं होगा तो चुनाव जीतना कठिन होगा, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए अपने बूथ को मजबूत बनाकर भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाना है। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पार्टी सभी वार्डों में जीत हासिल करेगी। ऐसा हुआ तो मेयर भी पार्टी का ही होगा। इससे हम सरकार को मजबूती प्रदान कर सकेंगे। मौके पर निकाय चुनावों में जीत हासिल



कोटद्वार में कार्यकर्ताओं की बैठक लेते राकेश गिरी

करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक में शैलेंद्र बिष्ट गढ़वाली, राजेंद्र अंथवाल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र रावत, सुमन कोटनाला, विपिन कैंथोला, मोहन सिंह नेगी, गजेंद्र रावत, विजय लखेड़ा, गजेंद्र मोहन धस्माना, आशीष रावत, शांतनु रावत, शुभम रावत, नीना बेंजवाल, सोनिया असवाल, अनीता आर्य, नीरू बाला खंतवाल और संजय सिंह रावत सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गंभीरता से करें बाहरी लोगों का सत्यापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने कोटद्वार की सुरक्षा को मजबूत करने को लेकर मंगलवार को निंबूचौड़ स्थित अपने आवास पर नगर आयुक्त वैभव गुप्ता और अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह नेगी के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कोटद्वार की सुरक्षा के लिए बाहरी लोगों के सत्यापन को महत्वपूर्ण बताया।

विस अध्यक्ष ने कहा कि कोटद्वार, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित एक अहम नगर है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में बाहरी लोग काम करने के लिए आते हैं। हाल के दिनों में हुई आपराधिक वारदातों को देखते हुए कोटद्वार में सुरक्षा संबंधी चुनौतियां बढ़ रही हैं। इन चुनौतियों को हल करने के लिए बाहरी लोगों का सत्यापन आवश्यक है। कहा कि शहर में अवैध रूप से व्यापार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे न केवल सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि अपराधों पर भी लगाम लग सकेगी। मौके पर उन्होंने नगर निगम और पुलिस प्रशासन को आपसी समन्वय के साथ काम करने और कोटद्वार को एक सुरक्षित और आदर्श नगर बनाने के आदेश दिए।


कोटद्वार में अधिकारियों की बैठक लेते विस अध्यक्ष

## एक नजर

### एमकेपी देहरादून ने जीता हैंडबाल का खिताब

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राठ महाविद्यालय पैठाणी में चल रही केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल की अंतर महाविद्यालयी हैंडबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को छात्रा वर्ग की प्रतियोगिता का खिताब एमकेपी देहरादून की टीम ने जीता। देहरादून की टीम ने बिड़ला परिसर श्रीनगर की टीम को हर-ाकर खिताब अपने नाम किया।

एमकेपी कॉलेज देहरादून की टीम ने बिड़ला परिसर श्रीनगर की टीम को 7-6 से शिकस्त देकर प्रतियोगिता के फाइनल पर कब्जा जमाया। वहीं बालक वर्ग में मेजबान महाविद्यालय पैठाणी ने एक रोमांचकारी मुकाबले में एसआरटी परिसर टिहरी को 18-0 से पराजित कर दिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन के मैचों की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि सहायक निदेशक खेल विभाग डॉ. मोहित सिंह बिष्ट ने की। छात्रा वर्ग की फाइनल प्रतियोगिता अपने नाम करने पर अतिथियों ने टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस मौक पर पैठाणी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जीतेंद्र नेगी, डीबीएस कॉलेज के डॉ. जेपी गुप्ता, विनोद सेमवाल, डॉ. अमित शर्मा, राम सिंह नेगी, राजकूमार पॉल आदि मौजूद रहे।

### 11 करोड़ से बनेगा ट्रांजिट हॉस्टल, निर्माण कार्य शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर और बेस चिकित्सालय परिसर में संकाय सदस्यों के लिये 11 करोड़ की लागत से 60 आवासों का ट्रांजिस्ट हॉस्टल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। बताते चलें कि पूर्व में फैकल्टियों के लिए आवास की सुविधा पूरी नहीं होने पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत द्वारा ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण करवाया जा रहा है। जिसके तहत मेडिकल कॉलेज परिसर में 45 आवासों के ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण लगभग 8 करोड़ 50 लाख 19 हजार की लागत से किया जाएगा। जबकि बेस चिकित्सालय परिसर में 15 आवासों का निर्माण 2 करोड़ 45 लाख 54 हजार रुपये की लागत से पूर्व में शुरू हो चुका है। मेडिकल कॉलेज में दोनों ट्रांजिट हॉस्टल बनने से संकाय सदस्यों के लिए भूतल में कार पार्किंग रहेगी। नर्सिंग अधिकारियों के साथ-साथ अन्य सभी कर्मचारियों के लिए भी कोटेश्वर डैम जीवीके कॉलोनी में मिली जमीन पर आवास बनाने का कार्य भी जल्द शुरू होगा। कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने निर्माणदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्य को गुणवत्ता के साथ-साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। (एजेंसी)

### ट्रक व्यवसाइयों की हड़ताल शुरू

चमोली : ट्रक व्यवसाइयों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार से हड़ताल शुरू कर दी है। बद्री केदार ट्रक लोडर यूनियन और देवभूमि ट्रक ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, सीमांत सहकारी संघ के पदाधिकारियों और ट्रक संचालक व्यवसायी प्रभाकर सिंह प्रेम सिंह, प्रवीण जोशी, प्रमोद खाती, प्रीतम रावत, संतोष बिष्ट ने बताया ट्रक संचालन व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित पूर्व में ज्ञापन से सरकार को अवगत कराया। पर सरकार द्वारा कोई रुचि नहीं लेने के कारण ट्रक संचालन कारोबारियों ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। बताया ट्रक संचालन कारोबारियों की मुख्य मांग है कि पर्वतीय मार्गों पर वाहनों का जी वी डबल्यू जो 25 प्रतिशत बढ़ाया गया है वह गलत है। ट्रक संचालन कारोबारियों का कहना है कि ट्रक संचालन कारोबारियों पर पुलिस का उत्पीड़न होता है उसे रोका जाए। बाहरी राज्यों से बगैर नियम कानून के उत्तराखंड में प्रवेश करने वाली गाड़ियों को रोक लगे। सभी पर्वतीय व्यवसायिक शहरों जैसे हल्द्वानी रामनगर, ऋषिकेश, कोटद्वार, देहरादून के मुख्य मार्गों पर धर्म कांटे लगाये जाएं। (एजेंसी)

### भूगोल के प्रवक्ता आर्य को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

चमोली : नई दिल्ली में आयोजित हुए भारतीय दलित साहित्य अकादमी के 40वें सम्मेलन में जीआईसी कर्णप्रयाग के भूगोल प्रवक्ता आरएल आर्य को सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने पर भगवान बुद्धा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. एसपी सुमनाक्षर ने प्रदान किया। प्रवक्ता आरएल आर्य ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के माध्यम से जागरुक करना मेरा मुख्य उद्देश्य है। कहा कि शिक्षा दुनिया का वो शक्तिशाली हथियार है जिससे दुनिया को बदला जा सकता है। यह पष्कार मिलने के बाद हमारी समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ जाती है। उनको सम्मानित किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। अकादमी की ओर से गुजरात व कर्नाटक के शिक्षकों व समाज सेवियों को भी यह पुरस्कार दिया गया। (एजेंसी)

# अलकनंदा टैक्सी यूनियन ने महापंचायत को दिया समर्थन

श्रीनगर गढ़वाल : मूल निवास 1950 एवं भू-कानून लागू किये जाने की मांग पर कीर्तिनगर में होने वाली ब्लॉक स्तरीय महापंचायत में मंगलवार को कीर्तिनगर टैक्सी स्टैंड पर अलकनंदा टैक्सी यूनियन कीर्तिनगर ने समर्थन देने की बात कही है।

टैक्सी यूनियन के सदस्यों से समर्थन मांगने पहुंचे गढ़वाल संयोजक अरुण नेगी एवं कीर्तिनगर ब्लॉक के युवा नेता चंद्रमोहन चौहान ने बताया कि कीर्तिनगर क्षेत्र में 30 दिसंबर को मूल निवास एवं भू कानून की मांग को तेज़ करने के लिए एक ब्लॉक स्तरीय महापंचायत आयोजित की जा रही है। जिसमें अभी तक प्रधान संगठन एवं कई पूर्व जनप्रतिनिधियों ने अपना समर्थन पहले ही महापंचायत को दे दिया है।

कहा कि अलकनंदा टैक्सी यूनियन के साथियों ने भी इस महापंचायत को अपने समर्थन देने की बात कही है। अलकनंदा टैक्सी यूनियन कीर्तिनगर के अध्यक्ष आनंद सिंह पंवार ने बताया कि जिस प्रकार से राज्य आंदोलन के दौरान हर वर्ग के लोगों ने राज्य के लिए लड़ाई लड़ी ठीक उसी प्रकार से आज हर उत्तराखंडी को मूल निवास एवं भू कानून के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि टैक्सी यूनियन कीर्तिनगर के सभी चालक समर्थन देते हुए कीर्तिनगर ब्लॉक की समस्त जनता से इस महापंचायत में शामिल होने का आवाहन करते हैं। इस मौके पर अध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, भीम सिंह, रविन्द्र चौहान, पंकज पंवार, दीपक नेगी, जगदीश रावत, दिनेश रावत, मकान सिंह डुंगरियाल, संदीप चौहान, प्रदीप रावत, जगदीश सिंह कैंतुरा, संदीप सिंह चौहान, उदय सिंह चौहान, अजयपाल सिंह चौहान, दलीप रावत, गंभीर सिंह कैंतुरा, सोनी भंडारी दिनेश रावत, हिम्मत सिंह मेहरा, अर्जुन सिंह रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## समस्याओं को लेकर उक्रांद का धरना आज से

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल ने बुधवार से धरने की चेतावनी दी है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वरिष्ठ नेता डा. शक्तिशैल कपरवाण के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन 15 दिसंबर तक देवी मंदिर तिराहे पर किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक राजाराम अण्थ्वाल ने बताया कि पांच दिनों तक चलने वाले धरना प्रदर्शन में कोटद्वार विधानसभा की प्रमुख समस्याओं को उठाया जाएगा। कहा कि अभी तक मोटर नगर का न्यायिक समाधान न होने से निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। कोटद्वार बेस हास्पिटल रेफरल सेंटर बन गया है। बेस हास्पिटल में डाक्टरों व दवाइयों की व्यवस्था सुचारू किए जाने की जरूरत है, जिस पर सरकार ध्यान नहीं दे रही है। नगर निगम के वार्डों में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हुई है। कोटद्वार को अभी तक अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया है। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया जाएगा।

# तहसील परिसर में डा. अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शैल शिल्पी विकास संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने सरकार से कोटद्वार तहसील परिसर में डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगवाने की मांग उठाई। जल निगम स्टोर के समीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकास कुमार आर्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा के पूर्व सचिव जगदीश चंद्र ने किया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में शिल्पकार समाज में सामाजिक चेतना का अभाव है। जिसके लिए हर शिल्पकार को सामाजिक चेतना व शोषण के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने की जरूरत है। ताकि लोगों में जागरूकता आ सके। जागरूकता आने से लोग अपने रोजगार के प्रति भी जागरूक हो सकेंगे। वक्ताओं ने स्पेशल कंपोनेट प्लान की धनराशि को शिल्पकार समाज के बाजय दूसरे मदों में खर्च किए जाने का घोर विरोध किया। कहा कि शिल्पकार समाज के उत्थान के


कोटद्वार में शैल शिल्पी विकास संगठन के कार्यक्रम में मौजूद सदस्य

लिए जारी धनराशि का दुरपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तत्पश्चात समाज में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले जगदीश राठी, सुरेंद्र शमशेर जंग को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा मनवर सिंह आर्य, प्रभुदयाल, सतेंद्र खेतवाल जैसे दिवंगत विभूतियों के स्वजनों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सूरवीर खेतवाल, मनवर लाल भारती, केसी निराला, विनोद कुमार, ओम प्रकाश, अनिल कुमार, विनीता भारती मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ मंगलवार को कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का पुतला फूंका। इस मौके पर कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं लेकिन केंद्र सरकार इस ओर कोई कदम नहीं उठा रही है। मंगलवार को कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद रावत, महिला जिलाध्यक्ष नीलम रावत ने कहा कि पिछले लंबे समय से बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें सामने आ रही है, लेकिन केंद्र सरकार इस ओर कोई कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से इस ओर जल्द ठोस कदम उठाने की मांग उठाई। प्रदर्शन में नगराध्यक्ष भरत सिंह, युद्धवीर सिंह, विजयदर्शन बिष्ट, मोहित सिंह, यशोदा नेगी, आस्कर रावत, श्रीकांत, सुमंत सिंह आदि शामिल रहे।

## कांग्रेसियों ने शहर की समस्याओं के निराकरण की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को नगर कांग्रेस कमेटी श्रीनगर ने नगर आयुक्त को ज्ञापन भेजा। नगर अध्यक्ष कांग्रेस सूरज घिल्डियाल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने शहर में जगह-जगह सीवर लीकेज को सही करने, विभिन्न सड़कों पर बने गड्डों को अतिशीघ्र ठीक करने, सफाई व्यवस्था को सुधारने, मुख्य मार्गों में अनावश्यक वाहनों को हटाये जाने की मांग की। कहा यदि मांगों का जल्द समाधान नहीं किया जाता तो नगर कांग्रेस कमेटी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। मौके पर लाल सिंह, महेन्द्र बर्त्वाल, सतीश पटवाल, सुरेंद्र चौहान, वीरेंद्र नेगी, विनोद मैठाणी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## फरार वारंटी गिरफ्तार

श्रीनगर गढ़वाल : पुलिस ने चेक बाउंस के मामले में एनआई ऐक्ट के तहत गैर जमानती वारंटी को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को एसएसपी पौड़ी लोकेंश्वर सिंह के निर्देशन पर श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में चेक बाउंस मामले में एक साल से फरार चल रहे वारंटी को एनआई ऐक्ट के तहत जारी गैर जमानती वारंट के अनुपालन में 40 वर्षीय मंजीत सिंह गुसाईं, निवासी मणी ग्राम क्यार्क पौड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक सुरेश रतूड़ी और पंकज शामिल थे। (एजेंसी)

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ मिशन सांस्कृतिक देवभूमि चैरिटेबल ट्रस्ट ने प्रदर्शन किया। कहा कि सरकार को हिंदुओं की रक्षा के लिए हस्ताक्षेप करना चाहिए। मंगलवार को ट्रस्ट के सदस्य हिंदू पंचायती धर्मशाला में एकत्रित हुए। यहां से वह बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मालवीय उद्यान में पहुंचे। जहां एक सभा का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील बहुखंडी ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहा है। वहां के बहुसंख्यक अल्पसंख्यक हिंदुओं को अपना निशाना बना रहे हैं। बहन बेटियों के साथ दरंदगी की जा रही है। हिंदुओं का अपने घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। कहा कि



कोटद्वार में बांग्लादेश के खिलाफ आक्रोशित रैली को संबोधित करते सदस्य

इस अत्याचार के बाद भी केंद्र सरकार चुप्पी साधे हुए है। केंद्र सरकार को बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। इसके लिए राजनैतिक दबाव बनाया जाना अति आवश्यक है। प्रदर्शन करने वालों में ओमप्रकाश बलोधी, विजय पाल, विलोचन प्रसाद नैथानी, बबलू नेगी, रामेश्वरी घिल्डियाल, सरोज, अनीता तडियाल आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने सीखें रॉक क्लाइंबिंग के गुर

नई टिहरी : धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर में महाविद्यालय के पर्यटन विभाग की ओर से रॉक क्लाइंबिंग प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों ने बिले डिवाइस, होल्डिंग एंकर्स, एसेंडिंग, रैपलिंग, बॉडी वेट, रोप होल्डिंग एवं बैलेसिंग की तकनीकों का प्रशिक्षण लिया।

मंगलवार को आयोजित कैंप में मुख्य प्रशिक्षण अर्जुन पुण्डीर एवं सहायक प्रशिक्षक भारत और सतवीर के मार्गदर्शन में छात्रों ने रॉक क्लाइंबिंग का प्रशिक्षण लिया। पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय महर ने कहा कि साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को देखते हुए कॉलेज परिसर में प्रशिक्षण के लिए कृत्रिम रॉक का निर्माण किया गया है। जिससे छात्रों के प्रशिक्षण, आपदा प्रबंधन, साहसिक खेलों में निपुणता के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, शारीरिक एवं मानसिक क्षमता के संवर्धन में नए प्रतिमान स्थापित होंगे। कहा कि समय-समय पर शारीरिक एवं मानसिक क्षमता में वृद्धि के लिए विभाग रॉक क्लाइंबिंग प्रशिक्षण कैम्प आयोजित कर रहा है।

जिससे रोजगार कौशल एवं उद्यमिता के गुण विकसित किये जा सकें। प्रशिक्षण समन्वयक शिशुपाल ने बताया कि प्रशिक्षण में 30 छात्र-छात्राओं के साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियां ने रॉक क्लाइंबिंग का व्यावहारिक प्रशिक्षण लिया।

# दस दिन से पानी को तरस रहे लकड़ीपड़ाव वासी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लकड़ीपड़ाव स्थित जल संस्थान का नलकूप दस दिन बाद भी ठीक नहीं हो पाया है। नतीजा, मोहल्लावासी पानी की बंदू-बूंद को तरस रहे हैं। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी अकेले रहने वाले बुजुर्गों को हो रही है। पेयजल टैंक से भेजा जा रहा पानी भी मोहल्लावासियों के लिए पर्याप्त नहीं हो पा रहा। लकड़ीपड़ाव में स्थित नलकूप से मोहल्ले के करीब पांच सौ परिवारों को पेयजल उपलब्ध करवाया जाता है। लेकिन, पिछले दस दिन से नलकूप खराब पड़ा हुआ है। जल संस्थान चार दिन से नलकूप मरम्मत कार्य में जुटा हुआ है। लेकिन, अब तक समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। मोहल्लावासियों ने बताया कि नलकूप में लगी मोटर दशकों पुरानी है। ऐसे में वह आए दिन धोखा दे देती है। क्षेत्र में पानी नहीं आने से समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। परिवारों की दिनचर्या प्राभावित होने लगी है। जल संस्थान की ओर से भेजे जा रहे टैंक से केवल पीने का पानी ही मिल रहा है। जबकि, अन्य कार्यों के लिए वह खोह नदी की दौड़ लगा रहे हैं। बताया कि नलकूप की पुरानी मोटर के बजाय नई मोटर लगाने के लिए कई बार जल संस्थान के अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा मोटर ठीक करते ही दोबारा धोखा दे देती है।


कोटद्वार लकड़ीपड़ाव में स्थित नलकूप जो खराब है

# ट्रस्ट ने विद्यार्थियों को बांटी स्वेटर

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से राजकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लालपुर में मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को गर्म ऊनी स्वेटर वितरित की गई। इस अवसर पर ट्रस्टी मनोरमा ढौंडियाल ने कहा कि ट्रस्ट जरूरतमंद छात्रों की सहायता के लिए हर समय तैयार रहता है। ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण कार्य लंबे समय से किया जा रहा है, जो भविष्य में भी जारी रहेगा। विद्यालय प्रधानाध्यापिका हिमानी बहुगुणा ने ट्रस्ट की ओर से किए गए इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं की जरूरतें पूरी होने पर वे अध्ययन में बेहतर


कोटद्वार में बच्चों को स्वेटर वितरित करते संस्था के सदस्य

प्रदर्शन करते हैं। इसलिए ऐसे कार्य जारी रहने चाहिए। इस दौरान शिक्षिका पुष्पा वर्मा, डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य, डॉ. मंजू कपरवाण, डॉ. ललन बुड़ाकोटी, सुदीप बौंठियाल, राजी नेगी और कृषपाल सिंह रावत सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ निकाला जुलूस

चमोली : बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ अत्याचार, मंदिरों पर हमले के विरोध में मंगलवार को गोपेश्वर में हिन्दू संगठनों ने जुलूस प्रदर्शन किया। बांग्लादेश सरकार के विरोध में नारेबाजी की। हजारों की संख्या में जुटे लोगों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेज कर बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार रोकने और वहां मंदिरों पर हो रहे हमलों को तुरंत रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। मंगलवार को बड़ी संख्या में हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता और आम जनता गोपीनाथ गोपेश्वर रामलीला मैदान में जुटी। रामलीला मैदान और गोपीनाथ मंदिर के आगे धीर धीर लोग जुटने लगे। भगवा और पीले झंडों और शंख ध्वनि के साथ बांग्लादेश में हिन्दुओं की रक्षा के आह्वान के नारों और भाषणों के साथ जुलूस प्रदर्शन शुरू हुआ। लगभग डेढ़ किमी. लम्बे जुलूस प्रदर्शन में जय श्री राम, बजरंगबली की जय के उद्घोष किये। जुलूस प्रदर्शन में महिलाएं और युवाओं की सबसे अधिक भागीदारी रही। बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू धर्म रक्षा वाहिनी समेत तमाम संगठनों की इस जुलूस प्रदर्शन में भागीदारी रही। विश्व हिन्दू परिषद के नवल भट्ट, गिरीश डंगवाल, पवन राठौर, राकेश मैठाणी, मीरा,दीवा सिंह समेत कई कार्यकर्ताओं ने जुलूस प्रदर्शन का नेतृत्व किया। प्रदर्शन करने वालों ने भजन कीर्तन के माध्यम से भी अपनी बात रखी।

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान असि0 कलैक्टर महोदय, कोटद्वार (गढ़वाल)**
**ब0वा0सं0 06 सन् 2020**

वादीगण- 1- सुखेदव जोशी, 2- राजेश कुमार, 3- मोहन देव जोशी पुत्रगण-स्व0 सत्यदेव जोशी, 4- विवेक जोशी पुत्र स्व0 रामदेव निवासीगण-ग्राम- मवाकोट,, मोटाढाक (भाबर), तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

**बनाम्**

प्रतिवादीगण- 1- श्रीमती कुसुम पत्नी राजेन्द्र मणी, 2- अजय, 3- अनूप पुत्रगण राजेन्द्र मणी, 4- गोदाम्बरी पत्नी श्री सुरेन्द्रमणी, 5- मनोज पुत्र सुरेन्द्र मणी, 6- हरेन्द्र मणी पुत्र शिरोमणी, 7- लता देवी पत्नी धर्मानन्द, 8- विमला देवी पत्नी मनोहरर लाल, 9- आशा रानी पत्नी विजय कुमार, 10/1- सुभाष,, 10/2- राकेश, 10/3- विनोद, 10/4- विकेश, 10/5- सन्तोष पुत्रगण स्व0 जयदेव, 11- गोकुलानन्द पुत्र महानन्द, 12- धनेश्वरी देवी पत्नी वीरेन्द्र प्रसाद, 13- मोहन सिंह पुत्र भूप सिंह, 14- फतेह सिंह पुत्र कन्हैया सिंह, 15- आशा देवी पत्नी जगदीश सिंह, 16- शान्ति देवी पत्नी गजेन्द्र सिंह, 17- तीरथ सिंह पुत्र धर्म सिंह, 18- सुमन सिंह पुत्र विजय सिंह, 19- उत्तराखण्ड प्रबन्धक ग्रामीण बैंक दुर्गापुर, 20- ऋषिपाल सिंह पुत्र कमल सिंह, 2- सुरेन्द्र सिंह पुत्र खेम सिंह, 22- सीमा बिष्ट पत्नी नरेन्द्र सिंह, 23- विजय सिंह पुत्र ज्ञान सिंह, 24- रमेश सिंह पुत्र आलम सिंह, 25- ग्राम सभा प्रधान मवाकोट समस्त निवासीगण- ग्राम मवाकोट, पट्टी-मोटाढाक, तहसील-कोटद्वार, जिला- पौड़ी गढ़वाल

26- सरकार उत्तराखण्ड।

दावा अन्तर्गत धारा 176 यू0पी0/यू0,ए0जे0ए0 एण्ड एल0आर0 एक्ट

हरगाह वादीगण ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 176 यू0पी0/यू0,ए0जे0ए0 एण्ड एल0आर0 एक्ट

में वास्ते बंटवारा हेतु माननीय न्यायालय में दायर किया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रतिवादीगण को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 15/01/2025 को माननीय न्यायालय में स्वयं या मार्फत अधिवक्ता उपस्थित हो ओर जवाब देही करें, चूक न होवे, अन्यथा आपके विरूध एकतरफा कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 03/12/24 को माननीय न्यायाय के हस्ताक्षर व मुहर से जारी।

दिनांक :- 03/12/2024

**न्यायालय**
**असि0 कलेक्टर महोदय**
**कोटद्वार गढ़वाल।**

## एक नजर

### दिल्ली के लिए रोडवेज की सभी वॉल्वो सेवाएं बहाल

देहरादून। रोडवेज ने दिल्ली के लिए सभी वॉल्वो सेवाएं शुरू कर दी हैं। दून आईएसबीटी से रोजाना 29 सेवाएं चलने लगी हैं। हालांकि, मुख्यालय ने सख्त आदेश दिए हैं कि कम से कम 20 सवारियां होने पर वॉल्वो सेवाएं चलाई जाएं।

मंगलवार को सेवाओं में बीस से ज्यादा सवारियां दिल्ली के लिए रवाना हुई। दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने पर दिल्ली सरकार ने 15 नवंबर को बीएस–4 बसों की एंट्री पर रोक लगा दी थी। इससे उत्तराखंड रोडवेज की 41 वॉल्वों बसों का संचालन ठप हो गया था। रोडवेज को बसें सरेंडर करवानी पड़ी। अब रोक हटने के बाद बीते सोमवार को रोडवेज ने सभी को रिलीज करवाया और दिल्ली के लिए सभी वॉल्वो सेवाएं शुरू कर दी हैं। ग्रामीण डिपो के सहायक महाप्रबंधक राजीव गुप्ता ने बताया कि देहरादून आईएसबीटी से रोजाना सुबह से रात 12 बजे तक 29 वॉल्वो सेवाएं चलती थी, सभी को बहाल कर दिया है। वहीं, वॉल्वो सेवाएं शुरू होने से यात्रियों को राहत मिली है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में निकाली आक्रोश रैली

देहरादून। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को दून में स्थानीय लोग, व्यापारी संगठन, संत समाज, छात्र सड़कों पर उतर आए। उन्होंने आक्रोश रैली निकालकर एकजुटता का संदेश दिए। जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर बांग्लादेश के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों ने दो घंटे दुकानें बंद रखकर विरोध जताया।

दून उद्योग व्यापार मंडल के आह्वान पर सुबह 10 बजे से ही रेंजर्स ग्राउंड में भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। रैली से पहले यहां हुई सभा में लोगों ने बांग्लादेश में हो रहे उत्पीड़न पर तीखी प्रतिक्रिया दी। दून उद्योग व्यापार मंडल के संरक्षक अनिल गोयल ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों पर निर्दयतापूर्ण, बर्बर अत्याचार हो रहे हैं। बांग्लादेश में मोहम्मद युनुस की अंतरिम सरकार बनने के बाद घटनाओं में भयावह वृद्धि देखी गई है। धर्मस्थलों पर तोड़फोड़, जबरन मतांतरण, घरों व व्यवसायों की लूटपाट, आगजनी, हत्याएं और महिलाओं पर गंभीर अत्याचार सामने आ रहे हैं। मंडल के अध्यक्ष विपिन नागलिया ने कहा कि बांग्लादेश की घटनाएं न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन करती हैं, बल्कि क्षेत्रीय शांति और सद्भाव को भी खतरे में डाल रही हैं। मौके पर महामंडलेश्वर येतेंद्रानंद महाराज, चैतन्य गाड़िया मठ के प्रसन्न त्यागी महाराज, सरस्वती तपोवन आश्रम के योगेश्वर आनंद, आचार्य सुभाष जोशी, बालाजी धाम आश्रम झाझरा के हठ योगी महाराज, राम विलास दास, केशव भारती, महंत रेशेश्वरानंद, आचार्य विपिन जोशी, आचार्य राम लखन गैरोला, दून उद्योग व्यापार मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल, महासचिव सुनील मेसोंन, राकेश ओबेरॉय, अवतार चंद्र उनियाल, सरदार गुलजार सिंह, नरेश चंदोग, उमा नरेश तिवारी, आशीष शर्मा, रेणु रतूड़ी आदि मौजूद थे।

### महिला कर्मियों को मासिक धर्म पर अवकाश मिलेगा

देहरादून। गुरु राम राय विश्वविद्यालय और गुरु राम राय एजुकेशन मिशन से जुड़े स्कूल और कॉलेज में नौकरी करने वाली महिलाओं के लिए बड़ी पहल की है। एसजीआरआर ग्रुप ने मासिक धर्म सवैतनिक अवकाश नीति को लागू किया है। ग्रुप का दावा है कि वह उत्तराखंड में इसे लागू करने वाला एसजीआरआर पहला संस्थान है। मासिक धर्म अवकाश की सुविधा छात्राओं को भी मिलेगी। एसजीआरआर ग्रुप ने अपने शिक्षण संस्थानों में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए मासिक धर्म अवकाश नीति घोषित की है। इससे एसजीआरआर विश्वविद्यालय, एसजीआआरआर एजुकेशन मिशन के अन्तर्गत संचालित सभी संस्थानों की महिला फैकल्टी, स्टाफ और छात्राओं को मासिक धर्म अवकाश मिलेगा। कार्यरत महिलाओं के लिए यह सवैतनिक अवकाश होगा। गुरु राम राय एजुकेशन मिशन प्रबन्धन ने सर्कुलर जारी कर आदेश को प्रभावी भी कर दिया है। मासिक धर्म अवकाश के अन्तर्गत मासिक धर्म के पहले दिन अवकाश की घोषणा की गई है। एसजीआरआर ग्रुप प्रबन्धन ने कहा कि इस तरह का अवकाश महिलाओं के कार्यबल को बढ़ाएगी और उन्हें कार्य के प्रति प्रोत्साहित करेगी। एसजीआरआर प्रबंधन ने कहा कि उन्होंने मातृशक्ति की समस्या के समाधान की दशा में एक कदम उठाया है।

# डीएम ने आधा दर्जन अधिकारियों का रोका वेतन




**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित सूचना विज्ञान केन्द्र में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की एक बैठक में जिला योजना/राज्य सेक्टर/केन्द्र पोषित व बीस सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। योजनाओं में खराब वित्तीय प्रगति के चलते जिलाधिकारी ने सात अधिकारियों के माह दिसम्बर के वेतन आहरण पर रोक लगायी।

जबकि तीन अधीक्षण अभियंताओं को योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की मॉनिटरिंग में शिथिलता पर चेतावनी दी। सोमवार को आयोजित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला योजना में न्यूनतम प्रगति के चलते जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी उरेडा, आहरण वितरण अधिकारी समाज कल्याण/डीपीआरओ, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि लैंसडौन, बैजरों, प्रा.खं. पौड़ी, नि.खं. पौड़ी व पाबौ जबकि बीस सूत्री कार्यक्रम में खराब प्रगति के चलते परियोजना निदेशक डीआरडीए व पीएमजीएसवाई के नोडल अधिकारी के माह दिसम्बर के वेतन आहरण पर रोक लगायी गयी। योजनाओं की वित्तीय प्रगति की मॉनिटरिंग पर शिथिलता को लेकर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि, लघु सिंचाई व पेयजल निगम को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि दिसम्बर माह के अंत तक जिला योजना में 60 प्रतिशत से अधिक प्रगति लाने पर ही वेतन आहरित किया जायेगा। बीस सूत्री में टीकाकरण की खराब प्रगति पर सीएमओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की खराब स्थिति पर जिला प्रोबेशन अधिकारी को चेतावनी जारी की गयी। बीस सूत्री में स्वास्थ्य विभाग की 4 मदें सी कैटेगरी में, जबकि 01 मद डी कैटेगरी में शामिल होने के चलते जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग सभी मदों को ए कैटेगरी में लाने के लिए समर्पित होकर कार्य करें। जबकि बी कैटेगरी में शामिल मदों के विभागीय अधिकारियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारी अपने दायित्वों का मनोयोग से निर्वहन करते उसे ए कैटेगरी में लाना सुनिश्चित करें। ग्राम्य विकास विभाग की वित्तीय प्रगति की धीमी गति पर जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निरंतर समीक्षा करने के निर्देश दिये। जबकि विधायक निधि की व्यय प्रगति पर जिला विकास अधिकारी को आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिये हैं। जिला योजना में अवमुक्त 1 अरब 19 करोड़ की धनराशि के सापेक्ष माह नवम्बर तक 58 करोड़ 19 लाख रूपये की धनराशी का व्यय किया गया जो कि अवमुक्त धनराशि का लगभग 49 प्रतिशत है। इसी प्रकार चालू वित्तीय वर्ष में राज्य सेक्टर में 64 प्रतिशत जबकि केन्द्र पोषित योजना में लगभग 90 प्रतिशत प्रगति शामिल है।

बैठक में प्रशिक्षु आईएएस दीक्षिका जोशी, पीडी डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद, एसीएमओ डॉ. पारुल गोयल, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी, ईई लोनिवि दिनेश बिजल्वांण, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने, जिला प्रोबेशन अधिकारी देवेन्द्र थपलियाल, जिला क्रीडा अधिकारी संदीप डुकलान, ईओ नगर पालिका परिषद पौड़ी डीके जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रदेश के सभी 95 ब्लॉकों में पहुंचेंगे अपर सचिव स्तर के अधिकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : डबल इंजन सरकार की योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्प है। अब अपर सचिव स्तर के अधिकारी राज्य के हर विकासखंड में जाएंगे और राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। सभी अधिकारी विकासखंड के एक या दो गांवों में रात्रि प्रवास कर स्थानीय लोगों से भी संवाद करेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी विभागों को प्रदेश और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। राज्य में गांवों के विकास का क्या हाल है, प्रदेश और केंद्र की ओर से संचालित विकास योजनाओं की क्या स्थिति है, स्थानीय लोगों की विशिष्ट समस्याएं क्या हैं, इसका जायजा लेने के लिए अपर सचिव स्तर के अधिकारी सभी 13 जिलों के 95 विकासखंडों में पहुंचेंगे और विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। शासनादेश के अनुसार सभी अधिकारी विकास योजनाओं का निरीक्षण कर केंद्र और प्रदेश स्तर के ध्वजवाहक कार्यक्रमों व अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षात्मक रिपोर्ट तैयार करने के साथ ही ब्लॉक स्तर पर होने वाली महत्वपूर्ण बैठकों में भी प्रतिभाग करेंगे। केंद्र और प्रदेश की लाभार्थी परक योजनाओं का स्थलीय सत्यापन कर देखेंगे कि पात्र लोग लाभान्वित हो रहे हैं या नहीं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश और केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए गंभीर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा निर्देशन में उत्तराखण्ड के विकास को नई गति दी जा रही है।

# चित्रकला में वैष्णवी, एंजेलीला, प्रगति ने मारी बाजी



**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : विकासखंड द्वारीखाल के अंतर्गत ग्रीन पब्लिक स्कूल सतपुली में मंगलवार को द हंस फाउंडेशन द्वारा वनाग्नि की घटनाओं पर रोकथाम शीर्षक पर छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में वैष्णवी काला ने प्रथम, एंजेलीना सिंह ने द्वितीय व प्रगति वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेताओं सहित प्रतिभाग करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीएलबी मनीष खुगशाल ने छात्र-छात्राओं को कानूनी विधिक की जानकारी दी। साथ ही वनाग्नि को लेकर जागरूक करते हुए पर्यावरण बचाने का आह्वान भी किया गया। इस दौरान नालसा के टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विपिन कुमार ने किया। इस मौके पर द हंस फाउंडेशन वनाग्नि शमन एवं रोकथाम परियोजना के स्टेट कोऑर्डिनेटर सतीश बहुगुणा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रोहित, अंजू देवी, स्कूल के प्रबंधक राकेश डोबरियाल, प्रधानाचार्य संगीत बुड़ाकोटी, वन विभाग आरसी अशोक कुमार, शिक्षक विनीता, सरला नेगी, अजय दिनकर, सौरभ बिष्ट, बबीता देवी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लोगों को योजनाओं का लाभ दिये जाने के लिए शिविरों का आयोजन जरूरी

### जनता इंटर कॉलेज किमसार में बहुउद्देशीय शिविर का किया आयोजन



**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के तत्वाधान में जनता इंटर कॉलेज किमसार में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं से लाभावित किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अकरम अली ने कहा कि दूर-दराज गांवों के लोगों को योजनाओं का लाभ दिये जाने के लिए शिविरों का आयोजन बेहद जरूरी है। कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके, हमारा ऐसा प्रयास है। मंगलवार को आयोजित शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अकरम अली द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुना और कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष समस्याओं का संबंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर क्षेत्र के लोगों को योजनाओं का लाभ दिया गया। इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा 06 स्थाई प्रमाण पत्र, 03 आय प्रमाण पत्र, 03 जाति, 02 पर्वतीय प्रमाण पत्र बनाये गये। कृषि विभाग द्वारा 08 कृषि यंत्र, 09 पीएम किसान सम्मान निधि और 07 किसानों के आधार सही करवाये गये। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा 04 दिव्यांग प्रमाण पत्र और 43 लोगों की आंखों की जांच व 48 का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। वहीं विद्युत विभाग द्वारा 02 के नाम संशोधन, 02 कनेक्शन सही और 2 विद्युत पोलों को ठीक किया गया। इसके अलावा जल संस्थान, समाज कल्याण, पूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा भी क्षेत्र के लोगों को योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, उपजिलाधिकारी चतर सिंह चौहान, खंड शिक्षाधिकारी के.एस. टोलिया, सहायक खंड विकास अधिकारी के.एस. रावत, उद्योग विभाग से आर.पी. आर्य सहित अन्य अधिकारी व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# विभागीय अधिकारी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए तत्पर रहें : डीएम

### डीएम ने ली सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश




**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा हेतु अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर पोर्टल पर लंबित सभी शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने बैठक में जिला पंचायत अपर मुख्य अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर प्रतिकूल प्रविष्टि व डीपीआरओ के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश दिये हैं।

सोमवार सायं को जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन की बैठक लेते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए तत्पर रहें। उन्होंने पेयजल निगम व वन विभाग को कहा कि 36 दिन से अधिक शिकायतों का निस्तारण तत्काल करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतों का निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ताओं को उसकी सूचना देना सुनिश्चित करें। वहीं रिखणीखाल क्षेत्र में बंदरों से निजात दिलाने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने वन विभाग को प्राथमिकता के आधार पर शिकायत का निस्तारण करने को कहा। इस दौरान उन्होंने पेयजल व वन विभाग से संबंधित शिकायतकर्ताओं से फोन कॉल द्वारा बात कर शिकायतों के संबंध में जानकारी लेते हुए यथासंभव निस्तारण का भरोसा दिया। बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन एल-1 में 321, एल-2 में 59, एल-3 में 169 व एल-4 में 72 शिकायतें दर्ज हैं। जिसमें उत्तराखंड़ पेयजल निगम की 36 दिन से अधिक 11 व वन विभाग की 12 शिकायतें हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतों का तत्काल निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस दीक्षिता जोशी, परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य कोषाधिकारी गिरीश चंद्र, अधिशासी अभियंता लोनिवि दिनेश बिजल्वाण, एसडीओ वन विभाग आईषा बिष्ट, जिला बाल विकास अधिकारी देवेंद्र थपलियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत शौचालय प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक शौचालयों में 19 नवंबर से 10 दिसंबर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जनपद में शौचालय विहीन 477 परिवारों को स्वजल द्वारा शौचालय निर्माण हेतु चयन करने के साथ प्रोत्साहन धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत आयोजित प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ सार्वजनिक शौचालय में 03 गांव और व्यक्तिगत शौचालय में 05 लोगों को जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया।

विकास भवन सभागार में मंगलवार को आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में सहायक परियोजना निदेशक केके पंत ने सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत और सार्वजनिक शौचालय के पुरस्कार से सभी विजेताओं को सम्मानित किया। ग्राम पंचायत, ब्लाक स्तर पर आयोजित चयन प्रतियोगिता के बाद जिला स्तर पर व्यक्तिगत शौचालय में सर्वश्रेष्ठ शौचालय का प्रथम पुरस्कार ग्राम पंचायत पोखनी के बद्री सिंह, द्वितीय पुरस्कार ग्राम पंचायत चोटिंग के चन्द्र सिंह और तृतीय पुरस्कार ग्राम पंचायत दिवाधार के सते सिंह को दिया गया।

# ऋण आवेदनों पर न लगाई जाए अनावश्यक आपत्ति : सीडीओ

### सीडीओ ने ली जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जीएस खाती की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऋण हेतु बैंकों को प्राप्त हो रहे आवेदनों पर अनावश्यक आपत्ति न लगाई जाए। इसके साथ ही लंबित चल रहे आवेदनों का आगामी 15 दिनों में निस्तारण करना सुनिश्चित करें। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी बैंकों की समीक्षा की। उन्होंने बैंक प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचलित विभिन्न योजनाओं में दिए जाने वाले ऋण को लेकर बैंक कोताही न बरतें। युवाओं द्वारा ऋण हेतु किए जा रहे आवेदन पत्रों पर अनावश्यक आपत्ति न लगाते हुए उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने हेतु ऋण उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने सरकारी योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए बैंकों को आगामी 15 दिनों में सभी लंबित ऋण प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना सहित मुख्यमंत्री नैनो योजना, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन योजना, होम स्टे योजना, पीएमईजीपी, एनआरएलएम, एनयूएलएम, पीएमएसवीए निधि, कृषि केसीसी, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय आदि योजनाओं की गहनता से समीक्षा की। इसके अलावा ऋण जमा अनुपात को लेकर भी बैंक प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित बैंक प्रतिनिधियों का स्पष्टीकरण करने के निर्देश दिए।

# वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेसः नया रिकॉर्ड बना सकता है उत्तराखंड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 में उत्तराखंड नया रिकॉर्ड बना सकता है। आयुर्वेद के इस महाकुंभ के लिए हो रहे रजिस्ट्रेशन से ऐसे संकेत उभर रहे हैं। अभी तक साढ़े छः हजार रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। कार्यक्रम 12 दिसंबर से शुरू होना है। पिछले वर्ष गोवा में आयोजित इस आयोजन के नौवें संस्करण में सबसे ज्यादा 5102 डेलीगेट्स पहुंचे थे। जिस हिसाब से रजिस्ट्रेशन हुए हैं, उसके मुताबिक ही डेलीगेट्स की उपस्थिति रहने पर उत्तराखंड के नाम एक उपलब्धि दर्ज होना तय है। वर्ष 2002 से वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस के आयोजन हो रहे हैं। इस बार मेजबानी का अवसर उत्तराखंड को मिला है। अब तक के इस आयोजन के सफर में डेलीगेट्स की संख्या बढ़ती-घटती रही है। मगर रजिस्ट्रेशन को पैमाना माने, तो उत्तराखंड के लिए अच्छी तस्वीर दिखाई दे रही है।

देवभूमि उत्तराखंड आने में डेलीगेट्स की दिलचस्पी नजर आ रही है। आयुष सचिव रविनाथ रामन के अनुसार अभी तक साढ़े छः हजार रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस महा आयोजन की तैयारी जोरों पर है और इसे अभूतपूर्व बनाने की पूरी कोशिश की जा रही है। वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 में देशों की संख्या और प्रतिनिधियों पर भी उत्तराखंड की नजर है।

### भर्ती–प्रमोशन के विरोध में आज से आंदोलन

देहरादून। आईआरडीई रायपुर रोड में साल 1995 से 2012 तक कर्मचारियों की भर्ती एवं प्रमोशन में बीएससी एवं डिप्लोमा के दस्तावेजों में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। इसको लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग की ओर से बुधवार को आईआरडीई में धरना प्रदर्शन करने जा रही है। 12 दिसंबर से आमरण अनशन की चेतावनी दी है। मंगलवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष सीपी सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कल्याण सिंह आदि ने कहा कि एक तरफ नौजवान बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। दूसरी तरफ गलत कागजात लगाकर नौकरी पा ली जा रही है और उनके हक को मारा जा रहा है।

# सीएम सौर स्वरोजगार योजना के आवेदनों को लंबित न रखें

### 60 आवेदनों में से 24 आवेदकों की टीएफआर सही



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एम.एस.एस.वाई. पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी हेतु तकनीकी समिति की बैठक आयोजित की गई। पूर्व में तकनीकी समिति द्वारा की गई स्क्रूटनी में 60 आवेदनों में से 24 आवेदकों की टीएफआर सही पाई गई।

मंगलवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने उरेड़ा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन आवेदकों की टीएफआर (तकनीकी व्यवहारता रिपोर्ट) सही पाई गई है, उनके भूमि से संबंधित दस्तावेज और मूल निवास प्रमाण पत्र उपजिलाधिकारी से प्रमाणित करवा कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही उन्होंने समिति के सदस्यों को निर्देश दिए कि सभी आवेदकों के दस्तावेज चेक करते हुए पुनः बैठक करें। कहा कि जिन प्रस्तावों का अनुमोदन किया जा रहा है उसमें यह देख ले कि संबंधित आवेदक द्वारा दिए गए दस्तावेज सही हैं या नहीं संबंधित अधिकारी अपने स्तर से संबंधित विभागों से सत्यापन करवाएं। बैठक में उरेड़ा अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एम.एस.एस.वाई. पोर्टल पर वर्तमान तक कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें समिति द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन करते हुए 24 आवेदन सही पाए गए। बैठक में लीड बैंक अधिकारी प्रताप सिंह राणा, एसडीओ विद्युत विभाग गोविंद सिंह, कनिष्ठ अभियंता उरेडा एलपी सकलानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बिखरेंगे छोलिया नृत्य के रंग, काफली-लाल भात के संग

### वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस में भोजन से लेकर मनोरंजन तक में देखने को मिलेगी उत्तराखंडी छाप, हर शाम होंगे गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी लोक नृत्य के कार्यक्रम, पदमश्री प्रीतम भरतवाण, संगीता ढौंडियाल और साथी देंगे प्रस्तुतियां

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 में खाने से लेकर मनोरंजन तक में उत्तराखंडी छाप देखने को मिलेगी। देश-विदेश के डेलीगेट्स की थाली में दो दर्जन से ज्यादा पहाड़ी आइटम परोसे जाएंगे। चार दिन का मेन्यू तैयार कर लिया गया है। दो दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तय हुए हैं, जिसमें मांगल गायन से लेकर छोलिया और अन्य उत्तराखंडी नृत्यों की प्रस्तुति दी जाएगी।

विश्व स्तरीय यह आयोजन 12 से 15 दिसंबर तक परेड ग्राउंड देहरादून में होने जा रहा है। इस दौरान आयुर्वेद पर गहन मंथन किया जाएगा। इस बड़े अवसर पर पहाड़ी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भी कदम उठाए गए हैं। आयुष सचिव रविनाथ रमन के अनुसार डेलीगेट्स के भोजन और इस दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखंड की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। देश-विदेश के डेलीगेट्स के लिए मेन्यू तय किया गया है। 12 दिसंबर 2024 को मंडुवे की रोटी, घर का मक्खन, गहत की भरवा रोटी घी में सेकी, राई की सब्जी, गहत की दाल/तुअर की दाल, लाल साठी भात, झंगोरे की खीर, टिमरू की चटनी, 13 दिसंबर 2024 को मंडुवे की रोटी, घर का मक्खन, पालक की काफली, उड़द की दाल, लाल साठी भात, बाल मिठाई, रोटने, भंगेरे/भंगजीरे की चटनी, 14 दिसंबर 2024 को मंडुवे की रोटी, घर का मक्खन, गहत की भरवा रोटी घी में सेकी, आलू की थिच्वाणी, भट्ट की चुटकाणी, झंगोरे का भात, सिंगोरी मिठाई, केले के गुलगुले, सफेद भुने भट्ट और तिल की चटनी, 15 दिसंबर 2024 को मंडुवे की रोटी, घर का मक्खन, तिल कुचाई, भट्ट की चुटकाणी, चंबा का राजमा, लाल साठी भात, घुगती, अस्के, पीली राय की चटनी बनाई जायेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो-2024 का आयोजन उत्तराखंड के लिए हर तरह से महत्वपूर्ण अवसर है। आयुर्वेद के संबंध में गहन विचार मंथन का उत्तराखंड साक्षी बनेगा, साथ ही यहां की संस्कृति का भी देश-दुनिया में प्रचार होगा।

**उत्तराखंडी लोक संगीत के ये होंगे कार्यक्रम**

12 दिसंबर 2024 सुबह के सांस्कृतिक कार्यक्रम
सुश्री कंचन भंडारी एवं साथी-मांगल गायन
उद्याचल पर्वतीय कला समिति-छोलिया नृत्य
12 दिसंबर 2024 शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम
नव हिमालय लोक कला समिति-कुमाऊंनी लोक नृत्य
ब्रहम कमल सांस्कृतिक समिति-गढ़वाली लोक नृत्य
जौनसार बावर सांस्कृतिक गांव का रिवाज संस्था-जौनसारी लोक नृत्य
पद्मश्री प्रीतम भरतवाण-जागर
14 दिसंबर 2024 शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम
संस्कार सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण समिति-कुमाऊंनी लोक नृत्य
संगम सांस्कृतिक समिति-गढ़वाली लोकनृत्य
स्पर्श जनजाति सामाजिक एवं सांस्कृतिक संध्या-जौनसारी लोक नृत्य
श्रीमती संगीता ढौंडियाल-लोक गायन

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में किया प्रदर्शन

नई टिहरी : बांग्लादेश में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों पर खिलाफ हो रही हिंसा के विरोध में समानता चेतना मंच के बैनर तले विभिन्न संगठनों ने धरना देकर डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

कहा कि बांग्लादेश में लंबे समय से हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। नागरिकों पर हमले के साथ ही उनके धार्मिक स्थलों को भी तोड़ा जा रहा है। उन्होंने सरकार से तत्काल मनवाधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाने की मांग की। मंगलवार को गणेश चैक बौराड़ी में चेतना मंच के बैनर तले आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल, भाजपा, नागरिक मंच, एबीवीपी, भारत स्वाभिमान, राज विद्या केंद्र, सहकार भारती, ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि, संत निरंकारी मिशन समेत नगर क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने धरना देकर बांग्लादेश की सरकार खिलाफ नारेबाजी की। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनाई, सेवा भारती के प्रांत प्रमुख पवन, आरएसएस के विभाग प्रचारक पारस, नागरिक मंच के अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल, कमल सिंह महर, अवंतिका भंडारी ने कहा कि बांग्लादेश में लगातार हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक लोगों का वहां की सरकार की शह पर उत्पीड़न हो रहा है। बांग्लादेश में जीवन जीने की स्वतंत्रता भी पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जिसके चलते हिंदुओं के मानवाधिकारों की रक्षा हो पानी संभव नहीं हो रही है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com